राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# गौरवशाली भारत

दिल्ली से प्रकाशित

R.N.I. NO. DELHIN/2011/38334 वर्षः 11 अंकः 215 पृष्ठ : 08, नई दिल्ली, बुधवार, 16 फरवरी 2022 मूल्यः 1.50/-

### ग्रुप डी के साथ ग्रुप सी नियुक्ति में अनियमितताओं की भी होगी सीबीआई जांच

कोलकाता। स्कूल शिक्षा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई ग्रुप सी भर्ती प्रक्रिया में धांधली की जांच भी सीबीआई करेगी। न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने मंगलवार को यह निर्देश दिया है। इसके पहले अदालत ने ग्रुप डी में हुई धांधली की जांच सीबीआई को सौंपी थी। उसी दिन दूसरी सुनवाई में ग्रुप सी नियुक्ति में भी धांधली की जांच उन्होंने सीबीआई अधिकारियों को सौंप दी है। न्यायाधीश ने कहा कि ग्रुप सी के जरिए जिन 350 से अधिक लोगों की नियुक्ति हुई है उनका वेतन जांच पूरी होने तक रोक दिया जायेगा। हालांकि एकल पीठ के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार ने डिविजन बेंच में याचिका लगाई है। न्यायमूर्ति हरीश टंडन और रवींद्रनाथ सामंत की खंडपीठ में महाधिवक्ता सोमेंद्र नाथ मुखर्जी ने याचिका लगाकर तत्काल सुनवाई की मांग की। राज्य सरकार की याचिका स्वीकार कर ली गई है। इस पर जल्द सुनवाई होगी। हालांकि विपक्ष के अधिवक्ता विकास रंजन भट्टाचार्य ने राज्य सरकार की ओर से लगाई गई याचिका का विरोध किया है और कहा है कि राज्य सरकार धांधली को बढ़ावा दे रही है और राज्य सरकार के ही अधिकारी इसकी जांच करेंगे तो न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती। इसलिए सीबीआई जांच का आदेश बिल्कुल सही है, यह लागू रहनी चाहिए।

### पंजाब के राजपुरा-बठिंडा रेलमार्ग पर 18-28 फरवरी तक चलेगा दोहरीकरण कार्य, 14 ट्रेनें रद्द

नई दिल्ली। अंबाला रेल मंडल के अधीन राजपुरा-बठिंडा सेक्शन पर रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) द्वारा दोहरीकरण के कार्य के लिए 18 से 28 फरवरी तक प्रतिदिन चार से छह घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक लिया जायेगा। इसके कारण इस रेलमार्ग से गुजरने वाली 14 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं जबकि 10 ट्रेनों को रूट बदलकर चलाया जायेगा। इसके अलावा तीन ट्रेनों को रास्ते में रोक कर और दो ट्रेनों को पूर्व निर्धारित गंतव्य से पहले यात्रा समाप्त और प्रारंभ करके चलाने की योजना है। उत्तर रेलवे ने मंगलवार को बताया कि रेलगाड़ी संख्या 14525/26 अंबाला-श्रीगंगानहर-अंबाला एक्सप्रेस 18 से 28 फरवरी तक रद्द रहेगी। रेलगाड़ी संख्या 22479 नई दिल्ली-लोहिया खास एक्सप्रेस 27 फरवरी को रद्द रहेगी। रेलगाड़ी संख्या 22480 लोहिया खास-नई दिल्ली एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 22485 नई दिल्ली-मोगा एक्सप्रेस और रेलगाड़ी संख्या 22486 मोगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस 28 फरवरी को रद्द रहेंगी। रेलगाड़ी संख्या 04571/72 हिसार-धुरी-हिसार स्पेशल एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 04573/74 सिरसा-लुधियाना-सिरसा स्पेशल एक्सप्रेस और रेलगाड़ी संख्या 04575/76 हिसार-लुधियाना-हिसार स्पेशल एक्सप्रेस 25 से 28 फरवरी तक रद्द रहेंगी।

**समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज रायबरेली, फतेहपुर, कानपुर एवं उन्नाव में जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए**

## बसपा के लोग बाबा साहेब के रास्ते से भटक गए : अखिलेश

संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज रायबरेली, फतेहपुर, कानपुर एवं उन्नाव में जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बसपा के लोग बाबा साहेब के रास्ते से भटक गए हैं। कंाग्रेस, बसपा की सरकार बननी नहीं है, इनके चक्कर में मत आना। किसी भी अन्य दल का इस बार खाता नहीं खुलेगा। पहले दो चरणों की हवा सपा के पक्ष में है। गर्मी निकालने वाले ठंडे पड़ गए हैं। गर्मी निकालने वालों की भाप निकल गई। साइकिल इस बार सबसे आगे चल रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि कोरोना के समय अगर सरकार सही समय पर इलाज करा देती तो जाने बच जाती। भाजपा ने गरीबों को अनाथ छोड़ दिया। भाजपा सरकार जो राशन दे रही है वो मार्च तक ही मिलेगा। दिल्ली के बजट में इसके लिए पैसा नहीं है। समाजवादी पार्टी जब सरकार में आएगी तो जब तक सरकार रहेगी गरीबों को राशन मिलता रहेगा और राशन में सरसों का तेल और घी भी मिलेगा।

यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था चौपट हुई है। भाजपा सरकार में हिरासत के दौरान सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। पूरे देश में उत्तर प्रदेश ही ऐसा है जहां का आईपीएस फरार है। अधिकारी माफिया की पिच बनवा रहे है। आज सबसे ज्यादा असुरक्षित बहन बेटियां है। पंचायत चुनावों के दौरान समाजवादी पार्टी प्रत्याशी का कपड़ा फाड़ने का मामला कौन भूलेगा? उन्होंने कहा डबल इंजन की सरकार में भ्रष्टाचार डबल हुआ है।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा के राज में युवाओं के पांच साल इंतजार में कट गए। नौजवानों को कोई रोजगार नहीं मिला। समाजवादी सरकार बनेगी तो टीईटी, बीएड, बीपीएड, 69 हजार शिक्षक भर्ती, शिक्षामित्र सबको नौकरी देंगे। उन्होंने कहा बड़े-बड़े उद्योगपति भारत से बैंकों का पैसा लेकर भाग गए, वे कहां के थे? अभी एक और उद्योगपति बैंक से पैसा लेकर भागा है वह कहां का है? समाजवादी पार्टी ने तय किया है कि आउटसोर्स व्यवस्था को खत्म करेंगे।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की साजिश है कि आरक्षण खत्म कर दो और सब चीजें प्राइवेट कर दो। भाजपा सरकार हवाई अड्डे बेच रही है। ट्रेन बेचने की तैयारी है। पानी के जहाज बेचे जा रहे हैं। बंदरगाह बेचे जा रहे हैं जब सब बिक जाएगा तो नौकरी रोजगार कैसे मिलेगा? उन्होंने कहा भाजपा के लोग वादा कर रहे थे कि किसानों की आय दुगनी हो जाएगी पर 5 साल में कितने किसानों की आय दोगुनी हुई?

श्री यादव ने कहा कि महंगाई पर वार होगा, समाजवादी सरकार बनने पर गरीब वृद्धो, जरूरतमंद महिलाओं एवं बीपीएल परिवारों को 18 हजार रुपये प्रतिवर्ष पेंशन मिलेगी। समाजवादी कैंटीन एवं किराना स्टोर स्थापित किए जाएंगे। कार्पस फण्ड बनाकर गन्ना किसानों को भुगतान 15 दिन में किया जाएगा। सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन फिर बहाल होगी। प्रत्येक फसल पर एमएसपी प्रदान की जाएगी। बिजली का बिल आने पर करेंट लगता है इसलिए 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त मिलेगी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के डोर-टू-डोर कैम्पेन में भाजपा के नेता थूक लगाकर पर्चें बांट रहे थे अब इनका यह कैम्पेन बंद हो गया है क्योंकि लोगों ने इन्हें खाली सिलेण्डर दिखा दिए। श्री यादव ने कहा कि अगले चरणों में जहां मतदान होने है वहां भी भाजपा का सूपड़ा साफ होगा। हर जनपद में जनता का सैलाब समाजवादी पार्टी के पक्ष में उमड़ रहा है। जनता ने समाजवादी सरकार बनाने का मन बना लिया है।

## उन्नाव प्रकरण : रि-पोस्टमार्टम के लिए दलित युवती का निकाला गया शव, पांच डाक्टरों की टीम दोबारा करेगी पीएम



उन्नाव। दलित युवती की अपहरण के बाद हत्या में उसके स्वजन की मांग पर शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराने को उसे जाजमऊ के चंदन घाट से सिटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में खोदवाया गया। इसके बाद उसे पुलिस व स्वाट पीएम हाउस लेकर निकली है। बताया जा रहा है कि स्टेट लेवल के पांच डाक्टरों की टीम शव का पोस्टमार्टम करेगी। बीती 10 फरवरी को करीब दो माह से अधिक समय से लापता दलित युवती का सपा सरकार मंत्री रहे स्वर्गीय फतेह बहादुर सिंह के आश्रम के बगल खाली पड़े प्लाट में सात फीट नीचे दबा मिला था। उसकी अपहरण के बाद हत्या का आरोप भी मंत्री के बेटे रजोल सिंह पर लगा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर जाजमऊ के चंदन घाट पर दफन कराया था। इसके बाद युवती के स्वजन ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सही जानकारी को दबाने का आरोप लगाते हुए उसका रि-पोस्टमार्टम कराने की मांग रविवार को डीएम से की थी। सोमवार को एसपी की रिपोर्ट आने के बाद डीएम ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव निकलवाकर उसका दोबारा पोस्टमार्टम कराने का आदेश दिया था। इसके बाद मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट विजेता की मौजूदगी में पुलिस व स्वाट ने शव निकलवाया है। इसके बाद अब स्टेट लेवल के डाक्टरों की टीम उसका पोस्टमार्टम करेगी। जिसके लिए टीम लखनऊ से चल चुकी है। वहीं डाक्टरों के साथ फारेंसिक एक्सपर्ट भी वहां मौजूद रहेंगे।

**गृह मंत्री अमित शाह ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज**

## पीला चश्मा पहनने वाले को सब पीला ही दिखता है : शाह



औरैया। गृह मंत्री अमित शाह ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसा है कि जो पीला चश्मा लगाए होता है उसे सब पीला ही दिखाई देता है। उन्होंने कहा है कि सपा बसपा के बहनजी और बबुआ दोनों के शासन में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई थी। सपा बसपा बुआ-भतीजा ने पंद्रह साल तक सरकार चलाई, लेकिन गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। वह मंगलवार को औरैया की दिबियापुर विधानसभा क्षेत्र अच्छल्दा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम से कुछ देरी से गृहमंत्री अमित शाह औरैया की दिबियापुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में पहुंचे। उनका हेलीकाप्टर अछल्दा रामलीला मैदान पर दोपहर 1:05 बजे उतरा। यहां से वह सीधे जनसभा स्थल पर बने मंच पर गए और संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि आज यमुना नदी के तट पर औरैया के देवकली मंदिर में विराजमान भगवान शिव और महामाई मंदिर में विराजमान महामाई को प्रणाम करके अपनी बात शुरू कर रहा हूं। कहा, आप सभी लोगों ने वैक्सीन लिया है ना। जब वैक्सीन मोदी जी वैक्सीन लेकर आए तो अखिलेश बाबू कहते थे- मोदी वैक्सीन है मत लीजिएगा, पंद्रह-बीस दिन इधर-उधर घूमते रहे और ट्वीट करते रहे और फिर डरकर खुद भी लगवा लिया। मोदी जी ने एक सौ तीस करोड़ लोगों को वैक्सीन देने का काम किया है। ये जो अखिलेश है उन्होंने अपनी पार्टी का नाम तो समाजवादी पार्टी रखा है। बसपा सपा बुआ-भतीजा ने पंद्रह साल तक सरकार चलाई। किसी के घर में गैस का सिलिंडर पहुंचा है क्या, नरेन्द्र मोदी जी ने एक करोड़ 67 लाख महिलाओं को गैस चूल्हा देने का काम किया है। जिन माताओं को गैस का चूल्हा दिया है, सभी को होली और दिवाली पर एक एक गैस सिलिंडर फ्री देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि सत्तर साल तक कंाग्रेस ने शासन किया, लेकिन गरीब के घर में शौचालय था क्या। मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया तो दो करोड़ से ज्यादा घरों में शौचालय बने और गांवों में बिजली भेजने का काम किया। अखिलेश बाबू के शासन में चौबीस घंटे बिजली आती थी क्या, लेकिन अब शहरों में 24 और गांव में 22 से 24 घंटे बिजली मिल रही है। गरीबों को मुफ्त राशन मिल रहा है और पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। इसमें कोई भी काम अखिलेश की सरकार ने किया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ऐसी सरकार है, जो गरीबों के लिए काम करती है।

## एक खानदान की बपौती बनकर रह गया था इटावा, अब नहीं दिखाई दे रहे चाचा-भतीजा : योगी



इटावा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा में जनसभा में तंज कसते हुए कहा कि अब चाचा-भतीजे कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं। सैफई खानदान का एक ही नारा है, सबका साथ और सैफई का विकास। उन्होंने अपने संबोधन में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश पर निशाना साधा। कहा, सोचिए आज क्या स्थिति है, जिस मुलायम सिंह यादव के साथ शिवपाल सिंह यादव बराबर खड़े रहते थे, आज उस पार्टी में शिवपाल की दुर्गति कर दी गई है। इटावा के रामलीला मैदान में आयोजित जनसभा में मंगलवार दोपहर में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा सदर, भरथना और जसवंतनगर सीट से भाजपा प्रत्याशियों के लिए जीत की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कोरोना महामारी में इटावा आया था तब यहां के लोगों की इलाज की व्यवस्था की थी। आप लोग बताइए भाजपा की सरकार ने यहां पर कितना काम किया है। जो लोग अपने आप को इटावा की बपौती बताते हैं, वह देखने भी नहीं आए। पांच साल पहले इटावा में क्या होता था, बेटियां सुरक्षित नहीं थी, व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। यहां गुंडा टैक्स वसूली होती थी, केवल एक खानदान की बपौती बनकर इटावा रह गया था। जिसकी जमीन पर निगाह पड़ जाती थी उसपर कब्जा हो जाता था। प्रदेश सरकार में हमने बेटियों की रक्षा की, एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन किया। गुंडा टैक्स वसूली पर रोक लगाई और एंटी भू माफिया स्क्वायड का गठन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार में एक करोड़ युवाओं को टेबलेट मोबाइल दिए गए हैं। दस मार्च के बाद अगली सरकार में भी हम 2 करोड़ युवाओं को टेबलेट देंगे। सपा सरकार ने वृद्धजनों विधवाओं दिव्यांगों की पेंशन बंद कर दी थी लेकिन हम एक करोड़ लोगों को पेंशन दे रहे हैं और उनके खाते में धन जा रहा है। कहा, एक तरफ भाजपा की सरकार डबल इंजन की सरकार है, जिससे किसानों युवाओं के चेहरे पर खुशहाली आई है। दूसरी तरफ परिवारवादी वंशवादी सैफई परिवार है, जिसमें गुंडागर्दी अराजकता अव्यवस्था फैलाई। हमने यूपी की पहचान विकास सुरक्षा के रूप में बनाई है। उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले दो चरणों में हम प्रचंड बहुमत से जीत रहे हैं, अगर इटावा कि तीनों सीटें भाजपा को मिल जाएंगी तो मान लीजिए प्रदेश में 325 सीटें भाजपा जीत कर आ रही है। अब आप सबको एक मजबूत

## लखीमपुर खीरी हिंसा में मुख्य आरोपित आशीष मिश्रा की चार महीने बाद जेल से रिहाई



लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश के साथ देश की राजनीति को गरमा देने वाले लखीमपुर खीरी में तिकुनियां कांड के मुख्य आरोपित आशीष मिश्रा उर्फ मोनू की करीब चार महीने के बाद जेल से रिहाई हो गई है। आशीष मिश्रा को इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ से जमानत मिली है। लखीमपुर खीरी के तिकुनियां में तीन अकटूबर को उपद्रव के बाद भड़की हिंसा में चार किसानों तथा एक पत्रकार सहित आठ लोगों की मौत के मामले में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा टेनी के पुत्र आशीष मिश्रा उर्फ मोनू को मुख्य आरोपित बनाया गया। एसआइटी ने आशीष मिश्रा को आठ लोगों की मौत के मामले में मुख्य आरोपित बनाकर दस अक्टूबर को जेल भेज दिया था। आशीष मिश्रा के वकील अवधेश सिंह ने मीडिया को बताया कि आज आशीष मिश्रा मोनू की जेल से रिहाई हो गई है। इस दौरान उनके शहर से बाहर जाने पर कोई पाबंदी नहीं होगी। लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आशीष मिश्रा को एसआईटी की करीब चार हजार पन्नों की चार्टशीट में मुख्य आरोपित बनाया गया है। लखीमपुर हिंसा मामले में गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा की आज रिहाई हो गई है। खीरी हिंसा के मुख्य आरोपित आशीष मिश्र मोनू की हाईकोर्ट से बीती 10 फरवरी को जमानत मंजूर हुई थी लेकिन, आदेश में धारा 302 व 120बी आइपीसी टाइप होने से छूट गया था। इसके बाद बीती 11 फरवरी शुक्रवार को हाइकोर्ट में संशोधन अर्जी दाखिल की गई थी। सोमवार को हाईकोर्ट में संशोधन अर्जी मंजूर होने के बाद आशीष के अधिवक्ता ने यहां जिला जज की अदालत में जमानत धनराशि निश्चित करने के लिए अर्जी दी। जिला जज ने सुनवाई के बाद तीन-तीन लाख की दो जमानतें व इसी धनराशि का मुचलका दाखिल करने पर आशीष को रिहा किए जाने के आदेश दिए थे। मंगलवार को संबंधित थानों से कोर्ट में सत्यापन पहुंचने के बाद कोर्ट ने आशीष मिश्र की रिहाई का आदेश जेल भेज दिया। आदेश जेल में रिसीव हो गया। कुछ औपचारिकता पूरी होने के बाद आज ही आशीष मिश्र को रिहा कर दिया गया ।

### पंजाब में भाजपा सरकार तीन माह में लागू करेगी आयुष्मान भारत योजनाः राजनाथ

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को पंजाब की कंाग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा पंजाब में जानबूझकर आयुष्मान भारत योजना को लागू नहीं किया गया। पंजाब में भाजपा की सरकार आते ही तीन माह के भीतर आयुष्मान भारत योजना को लागू किया जाएगा। इस योजना से प्रत्येक पंजाबवासी को मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी। राजनाथ सिंह डेराबस्सी से भाजपा उम्मीदवार संजीव खन्ना के समर्थन में आयोजित चुनाव रैली में पंजाब सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि पंजाब के चुनावी रण में उतरे कई दल सरकार बनाने के लिए इस प्रदेश को जातिवाद के नाम पर बांट रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी समाज बनाने में विश्वास रखती है। सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले भारत की पहचान घोटाले वाले देश के रूप में थी। अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत को कोई गंभीरता से नहीं लेता था।

## यूक्रेन छोड़ने वाले अमेरिकियों के लिए पोलैण्ड में अमेरिकी केन्द्र

वाशिंगटन, 15 फरवरी (वेब वार्ता)। यूक्रेन में अमेरिका के दूतावास ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन छोड़ने वाले अमेरिकी नागरिकों के लिए पोलैंड में एक स्वागत केंद्र खोला है। दूतावास ने कहा, ÷अमेरिकी नागरिक अब यूक्रेन से लगी जमीनी सीमा से पोलैंड में प्रवेश कर सकते हैं। उन्हें किसी भी मंजूरी की आवश्यकता नहीं है। हम यूक्रेन से जमीन से पोलैंड जाने वालों को कोरज़ोवा-क्राकोवेट्स या मेड्यका-शेहिनी सीमा पार करने के लिए प्रेरित करते हैं।÷ उन्होंने कहा, ÷अमेरिकी दूतावास ने यूक्रेन से पोलैंड में प्रवेश करने वाले अमेरिकी नागरिकों को सहायता के लिए इन सीमा पार बिंदुओं के पास एक स्वागत केंद्र खोला है।÷ मिशन ने अमेरिकियों से जल्द से जल्द यूक्रेन छोड़ने का भी आग्रह किया है। उन्होंने कहा, यूक्रेन में अमेरिकी नागरिकों को वाणिज्यिक और अन्य निजी उपलब्ध परिवहन विकल्पों का उपयोग करके तुरंत प्रस्थान करना चाहिए।

## जनरल बाजवा ने की अल्वी और इमरान से मुलाकात

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल कमर बाजवा ने सोमवार को देश के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी और प्रधानमंत्री इमरान खान से मुलाकात की। स्थानीय अखबार 'डॉन' ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ऐसा कम ही देखने को मिलता है, जब पाकिस्तान के सेना प्रमुख एक ही दिन देश और सरकार दोनों के प्रमुखों से मिले। प्रधानमंत्री के साथ सेना प्रमुख की बैठक अफगानिस्तान को लेकर शीर्ष समिति की बैठक के इतर हुई। खान-बाजवा बैठक पर प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से बहुत संक्षिप्त बयान जारी किये जाने से राजनीतिक पर्यवेक्षक उनके बीच की चर्चा को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगा रहे हैं। पीएमओ के बयान में कहा गया है कि सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने आज प्रधानमंत्री इमरान खान से मुलाकात की। बैठक के दौरान पाकिस्तानी सेना से संबंधित पेशेवर मामलों पर चर्चा की गई। दूसरी ओर राष्ट्रपति कार्यालय के बयान ने श्री अल्वी और जनरल बाजवा के बीच हुई बैठक को लेकर कहा कि उनकी मुलाकात बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में हाल की आतंकवाद की घटनाओं पर केंद्रित थी। राष्ट्रपति कार्यालय के बयान में कहा गया है कि जनरल बाजवा ने राष्ट्रपति को पेशेवर तैयारियों और सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ किये जा रहे उपायों के बारे में जानकारी दी।

## नाइजीरिया में पुलिस ने पांच अपहृत को मुक्त कराया

अबुजा । नाइजीरियाई पुलिस ने मंगलवार को कहा कि उत्तर पश्चिमी ज़म्फारा प्रांत में पांच अपहृत को बचा लिया गया है। ज़म्फारा प्रांत के पुलिस प्रवक्ता मुहम्मद शेहू ने यहां जारी एक बयान में कहा कि रविवार को सभी पीड़ितों को बचा लिया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा सुनियोजित तरीके से जंगल में व्यापक खोज और बचाव अभियान चलाकर पीड़ितों को बचा गया। श्री शेहू ने कहा कि संयुक्त पुलिस और राज्य सरकार का चिकित्सीय दल बचाए गए पीड़ितों को चिकित्सीय सहायता मुहैया करा रहा है।

## यूक्रेन के विदेश मंत्री ने ब्राजील के विदेश मंत्री से सीमा मुद्दे पर चर्चा की

कीव । यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने ब्राजील के विदेश मंत्री कार्लोस अल्बर्टो फ्रांका के साथ देश की सीमा सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा की। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने यहां जारी एक बयान में कहा कि ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो की मास्को यात्रा से कुछ समय पहले दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने फोन पर यह चर्चा की। मंत्रालय ने कहा, ÷यूक्रेन के शीर्ष राजनियक ब्राजील के विदेश मंत्री को देश की सीमा के पास और यूक्रेन के अस्थायी कब्जे वाले क्षेत्रों में सुरक्षा स्थिति को लेकर विस्तार से जानकारी दी।÷ यूक्रेन और पश्चिमी देशों ने हाल ही में यूक्रेन की सीमाओं के पास रूस द्वारा 'आक्रामक गतिविधियों' में वृद्धि को लेकर चिंता व्यक्त की है। रूस इस तरह के आरोपों को खारिज करता रहा है।

## इजरायल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट बहरीन पहुंचे

तेल अवीव । इजरायल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर बहरीन की राजधानी मनामा पहुंच गये है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी है। हवाई अड्डे पर श्री बेनेट गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और बहरीन के विदेश और उद्योग मंत्रियों, बहरीन में इजरायल के राजदूत और अन्य उच्च पदस्थ अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। श्री बेनेट मंगलवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बहरीन के क्राउन प्रिंस और किंग से मुलाकात करेंगे।

## वांडा साइक्स, एमी शूमर और रेजिना हॉल होंगी ऑस्कर पुरस्कार समारोह 2022 की प्रस्तोता

लास एंजिलिस । अभिनेत्री वांडा साइक्स, एमी शूमर और रेजिना हॉल अकादमी (ऑस्कर) पुरस्कार समारोह के 94वें संस्करण की, प्रस्तोता के रूप में मेजबानी करेंगी। हॉलीवुड जगत की खबरें देने वाली समाचार वेबसाइट डेडलाइन ने यह जानकारी दी। ऑस्कर पुरस्कार समारोह 2018 के बाद पहली बार ''एम्सी'' प्रारूप में लौट रहा है। मीडिया कंपनी एबीसी के प्रसिद्ध ''गुड मॉर्निंग अमेरिका'' नामक शो में मंगलवार को इसकी आधिकारिक जानकारी दिए जाने की संभावना है। एबीसी मीडिया कंपनी ऑस्कर पुरस्कार समारोह के लिए प्रसारण भागीदार है, जो 27 मार्च को आयोजित किया जाएगा। सालाना पुरस्कार समारोह की आयोजक ''द एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज'' ने प्रस्तोता को लेकर खबरों पर टिप्पणी करने से मना कर दिया।

## जापान की पुलिस ने 1970 के दशक से वांछित आतंकवादियों की तलाश फिर से शुरू की

तोक्यो । तोक्यो पुलिस ने 1970 और 1980 के दशक में हुए हमलों में कथित भूमिका के लिए वांछित जापानी रेड आर्मी के सदस्यों की तलाश सोमवार को तेज कर दी। उम्रदराज आतंकवादियों की तस्वीरों के साथ एक वीडियो जारी कर चेतावनी दी गई है कि ''मामला'' अभी बंद नहीं हुआ है।

वीडियो मध्य जापान के लॉज में 1972 के असामा सांसो बंधक संकट के 50 साल पूरा होने पर जारी किया गया। इस घटना में दो पुलिस अधिकारी एक गोलीबारी में मारे गए थे। वीडियो में कहा गया है, ''जापानी रेड आर्मी के सदस्य अब भी फरार हैं और वे आपके आस-पास कहीं भी मौजूद हो सकते हैं।'' वीडियो में चेतावनी देते हुए कहा गया है, ''मामला अभी बंद नहीं हुआ है।''

जापानी रेड आर्मी का फलस्तीनी उग्रवादियों के साथ संबंध था। इसका गठन 1971 में किया गया था और इसने कई अंतरराष्ट्रीय हमलों की जिम्मेदारी ली है, जिसमें 1975 में कुआलालंपुर, मलेशिया में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास पर कब्जा भी शामिल है। संगठन पर 1972 में तेल अवीव, इजराइल के बाहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गोलीबारी और ग्रेनेड हमले में संलिप्त होने का भी संदेह है।

आतंकवादियों की पहचान का अभियान मई के अंत में जेल में बंद संगठन की नेता फुसाको शिगेनोबु (76) की निर्धारित रिहाई से कुछ महीने पहले शुरू हुआ है। शिगेनोबु को 1974 में नीदरलैंड के हेग में फ्रांसीसी दूतावास पर कब्जा करने की कार्रवाई का सरगना होने के आरोप में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। वर्ष 2000 में उसे ओसाका में गिरफ्तार किया गया था, जहां वह छिपी हुई थी।

# म्यांमा ने आसियान देशों की बैठक में शामिल नहीं होने का निर्णय लिया




बैंकाक। इस सप्ताह कंबोडिया में आयोजित होने वाली, आसियान देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में म्यांमा शामिल नहीं होगा। म्यांमा की सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी।

दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के संघ (आसियान) ने म्यांमा के मुख्य राजनयिक की बजाय एक गैर-राजनीतिक प्रतिनिधि को भेजने का आमंत्रण दिया था जिसे म्यांमा की सरकार ने ठुकरा दिया।

आसियान के वर्तमान अध्यक्ष कंबोडिया ने कहा था कि क्षेत्रीय समूह के सदस्य देश म्यांमा के विदेश मंत्री वुना मौंग लविन को, नोम पेन्ह में बृहस्पतिवार और शुक्रवार को आयोजित होने वाली बैठक में आमंत्रित करने के लिए सहमत नहीं हैं। गत वर्ष म्यांमा में सेना द्वारा सत्ता पर काबिज होने के बाद वुना मौंग लविन को विदेश मंत्री नियुक्त किया गया था।

म्यांमा में आंग सान सू ची की निर्वाचित सरकार का तख्तापलट कर सेना के सत्ता संभालने के बाद देश में हिंसक राजनीतिक संकट पैदा हुआ जिसे सुलझाने का आग्रह 10 सदस्यीय समूह 'आसियान' ने किया था। इसमें सहयोग करने में विफल रहने पर सदस्य देशों ने पिछले साल म्यांमा के बैठक में शामिल होने पर पाबंदी लगाई थी।

म्यांमा के विदेश मंत्रालय की ओर से सोमवार रात को जारी एक बयान में कहा गया, ÷आसियान में सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए आसियान अध्यक्ष एवं म्यांमा द्वारा किये गए प्रयास के बावजूद यह दुखद है कि पिछले साल लिए गए निर्णय पर सहमति जताई गई जो म्यांमा को अस्वीकार्य है।

मंत्रालय ने कहा, म्यांमा आसियान की बैठक में शामिल नहीं हो सकता और न ही किसी गैर-राजनीतिक प्रतिनिधि को भेज सकता है क्योंकि यह आसियान में समान प्रतिनिधित्व के सिद्धांत के विपरीत है।

## यूक्रेन के राष्ट्रपति ने जर्मन चांसलर के साथ क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा की

कीव । यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के साथ बैठक की।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कीव में बातचीत के बाद, जेलेंस्की ने संवाददाताओं से कहा कि दोनों पक्षों ने यूक्रेन और उसके आसपास शांति प्रक्रिया और यूक्रेन की रक्षा में मदद करने वाली कानूनी गारंटी पर बात की।

विशेष रूप से, जेलेंस्की ने कहा कि नॉर्ड स्ट्रीम 2 प्राकृतिक गैस पाइपलाइन से जुड़े जोखिमों के कारण यूक्रेन को ऊर्जा सुरक्षा गारंटी की आवश्यकता है।

इसके अलावा, पार्टियों ने यूक्रेन के पूर्वी डोनबास क्षेत्र में शांतिपूर्ण समाधान के ढांचे के भीतर किए गए कदमों पर चर्चा की।

जेलेंस्की ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि निकट भविष्य में हम नॉमंर्डी फोर के नेताओं के शिखर सम्मेलन पर और बातचीत करने और सहमत होने में सक्षम होंगे। स्कोल्ज ने कहा कि जर्मनी यूक्रेन के आसपास की स्थिति का एक राजनयिक समाधान खोजने की कोशिश कर रहा है।

स्कोल्ज ने कहा कि फ्रांस के साथ, हमने नॉमंर्डी प्रारूप में अपने प्रयासों को तेज कर दिया है। यह एक कठिन प्रक्रिया है, लेकिन मुझे यकीन है कि यह प्रयास के लायक है। जेलेंस्की और स्कोल्ज ने अपनी वार्ता के दौरान उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने के लिए यूक्रेन की आकांक्षाओं पर भी चर्चा की।

इंटरफैक्स-यूक्रेन समाचार एजेंसी ने बताया कि वार्ता के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में, स्कोल्ज ने कहा कि नाटो में यूक्रेन का संभावित परिग्रहण वर्तमान में एजेंडे से बाहर है।

# ट्रूडो ने देश में विरोध प्रदर्शन रोकने के लिए आपातकाल लगाया



ओटावा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने राजधानी ओटावा सहित देश भर में कोविड -19 टीकाकरण अनिवार्य किए जाने के विरोध हो रहे प्रदर्शन को रोकने के लिए आपातकालीन कानून लागू किया है। श्री ट्रूडो ने सोमवार को ओटावा में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ÷संघीय सरकार ने नाकाबंदी और व्यवसायों को ध्यान में रखते हुए प्रांतीय तथा क्षेत्रीय क्षमता में वृद्धि के लिए आपातकालीन अधिनियम लागू किया है।÷ उन्होंने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने की कानून प्रवर्तन की क्षमता के लिए गंभीर चुनौतियां हैं। उपाय भौगोलिक रूप से लक्षित होंगे और उन खतरों के लिए उचित और आनुपातिक होंगे, जिन्हें दूर या खत्म करने के लिए वे हैं। इससे पहले दिन में, कम से कम दो प्रांतीय प्रमुखों ने मांग की थी कि उपाय केवल अनुरोध करने वाले क्षेत्राधिकार में लागू हैं। न्याय मंत्री डेविड लामेट्टी के अनुसार आपातकाल तुरंत प्रभाव से 30 दिनों तक लागू रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार आपातकाल कानून लागू कर अंतरराष्ट्रीय सीमा पार और हवाई अड्डों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भी नामित और सुरक्षित कर रही है। इसके अलावा अब देश के संघीय पुलिस बल, रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के पास नगरपालिका कानूनों को लागू करने का अधिकार होगा। उन्होंने कहा कि 1985 बना आपातकाली कानून 'तत्काल और महत्वपूर्ण स्थिति' के रूप में परिभाषित करता है, जो कनाडा के लोगों के जीवन, स्वास्थ्य या सुरक्षा को गंभीर रूप से खतरे में डालती है और इस तरह की या इस प्रकृति की है कि इससे निपटने की किसी प्रांत की क्षमता पर भी भारी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सैन्य तैनाती की आवश्यकता नहीं है।

# दक्षिण कोरिया में कोविड-19 के कारण रिकॉर्ड मौतें



सियोल। दक्षिण कोरिया में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण मंगलवार को पिछले एक महीने में मौत के सर्वाधिक मामले दर्ज किए गए।

कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर अमेरिका के स्वास्थ्य अधिकारियों ने अपने नागरिकों को वहां की यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के कारण दक्षिण कोरिया इस समय महामारी की भयावह लहर का सामना कर रहा है।

कोरिया रोग नियंत्रण एवं रोकथाम एजेंसी (केडीसीए) ने मंगलवार को बताया कि देश में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 61 मरीजों की मौत हुई। इससे पहले 19 जनवरी को संक्रमण के कारण रिकॉर्ड 74 मरीजों की मौत हुई थी। एक महीने पहले देश में कोरोना वायरस के डेल्टा स्वरूप के कारण मामलों में वृद्धि हो रही थी जबकि अब ओमीक्रोन के कारण संक्रमण के मामलों में इजाफा हो रहा है।

कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी के मुताबिक, बीते 24 घंटे में देश में कोरोना वायरस संक्रमण के 57,177 नये मामले सामने आए। आगामी कुछ सप्ताहों में अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में इजाफा हो सकता है और मरने वाले लोगों की संख्या में भी वृद्धि होने की आशंका है।

अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र ने दक्षिण कोरिया के लिए चतुर्थ स्तर का यात्रा संबंधी परामर्श जारी किया है और लोगों को वहां की यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। अमेरिका ने परामर्श जारी किया है कि बेहद आवश्यक होने पर केवल पूर्ण टीकाकरण कराने वाले लोग ही दक्षिण कोरिया की यात्रा करें।

# कोविड-19 टीका लगवाने के बाद कसरत करने से बढती हैं एंटीबॉडी :अध्ययन




वाशिंगटन। कोविड-19 या किसी फ्लू से बचने के लिए टीकाकरण कराने के बाद 90 मिनट तक हल्की या मध्यम स्तर की कसरत करके शरीर में एंटीबॉडी की मात्रा बढ़ाई जा सकती हैं। एक अध्ययन में यह दावा किया गया है।

इस अध्ययन के निष्कर्ष 'ब्रेन, बिहेवियर एंड इम्युनिटी' पत्रिका में प्रकाशित किए गए है।

अध्ययन में शामिल जिन लोगों ने टीकाकरण कराने के बाद डेढ़ घंटे तक साइकिल चलाई या सैर की, उनमें आगामी चार सप्ताह में उन लोगों की तुलना में अधिक एंटीबॉडी बनीं, जिन्होंने टीकाकरण के बाद किसी प्रकार का व्यायाम नहीं किया था।

अमेरिका स्थित 'आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी' के अनुसंधानकर्ताओं ने भी चूहों और ट्रेडमिल का इस्तेमाल करके इसी प्रकार का प्रयोग किया, जिसका निष्कर्ष भी समान निकला।

आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर मरियन कोहुट ने कहा कि इस बात के कई कारण हो सकते हैं कि लंबे समय तक हल्की या मध्यम स्तर की कसरत करने से शरीर की रोग प्रतिरोधी क्षमता में सुधार क्यों होता है। अनुसंधानकर्ताओं के अनुसार, व्यायाम करने से रक्त प्रवाह बढ़ता है, जो प्रतिरक्षा कोशिकाओं के संचार में मदद करता है और जब ये कोशिकाएं शरीर में प्रवाहित होती हैं, तो किसी बाहरी तत्व को बेहतर तरीके से उनके द्वारा पहचान लेने की संभावना अधिक होती है।

कोहुट ने कहा, ''लेकिन इसका कारण जानने के लिए और अनुसंधान की आवश्यकता है। जब हम कसरत करते हैं, तो शरीर में चयापचय, जैव रासायनिक, न्यूरोएंडोक्राइन और (रक्त एवं कोशिका के) संचार स्तर पर कई बदलाव होते हैं।''

उन्होंने कहा कि संभवतः इन कारकों के संयोजन के कारण एंडीबॉडी की मात्रा बढ़ती है।

## यूक्रेन संकट: ऑस्ट्रेलिया ने चीन से रूस की निंदा करने का आग्रह किया



कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने मंगलवार को चीन से आग्रह किया कि वह यूक्रेन पर रूस के संभावित आक्रमण की निंदा करे। प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने कहा कि बीजिंग और मास्को ने घोषणा की है कि यूक्रेन की सीमा पर एक लाख रूसी सैनिकों के जमावड़े के बाद से वे (चीन और मास्को) और नजदीक आए हैं। मॉरिसन ने संसद में कहा, हमे उम्मीद है कि दुनिया के सभी देशों की सरकारें यूक्रेन के प्रति हिंसा के खतरे की निंदा करें।÷ उन्होंने कहा, ÷हमें पता है कि चीन की सरकार, रूसी सरकार के साथ मिलकर इस मुद्दे पर एक दूसरे का सहयोग कर रही है और यूक्रेन में जो कुछ भी हो रहा है चीन की सरकार ने उसकी निंदा नहीं की है। मॉरिसन ने सभी सांसदों से अनुरोध किया कि वे यूक्रेन पर रूस की कार्रवाई की निंदा करने के लिए चीनी सरकार से आग्रह करें और संयुक्त राष्ट्र द्वारा उचित कार्रवाई करने को स्वीकृति दें। ऑस्ट्रेलिया द्वारा चीन की आलोचना से दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास और बढ़ने की आशंका है। गौरतलब है कि चीन, ऑस्ट्रेलिया का महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है। हाल के वर्षों में घरेलू राजनीति पर गोपनीय विदेशी हस्तक्षेप को गैर कानूनी करार देने, चीनी कंपनी हुआवे की अवसंरचनात्मक परियोजनाओं पर प्रतिबंध लगाने और कोविड महामारी के उद्भव की स्वतंत्र जांच कराने की मांग करने से ऑस्ट्रेलिया को चीन की नाराजगी झेलनी पड़ी, जिससे उसके व्यापार पर असर पड़ा है।

# लाहौर विवाद में ईसाई व्यक्ति की हत्या

नई दिल्ली। लाहौर के फैक्ट्री एरिया के पड़ोस में एक दीवार के निर्माण को लेकर मुस्लिम और ईसाई समुदाय के सदस्यों के बीच हुए विवाद में एक 25 वर्षीय ईसाई व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

लड़ाई के दौरान लोहे की छड़ से सिर पर चोट लगने के बाद परवेज मासीच की सोमवार को मौत हो गई।

घायलों में कई की हालत नाजुक बनी हुई है।

पुलिस ने डॉन को बताया कि झड़प धार्मिक तनाव से संबंधित नहीं था, बल्कि स्थानीय विवाद से संबंधित था।

यह पहली बार नहीं था, जब समुदाय हिंसा में भड़क गया था। रविवार को भी यही लड़ाई हुई थी, लेकिन एचबीएल पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में व्यस्त लाहौर पुलिस कोई जवाब नहीं दे पाई।

सोमवार को करीब 200 लोग सड़क पर जमा हो गए और नारेबाजी करने लगे और एक दूसरे को अपशब्द बोलने लगे।

उसी गली में रहने वाले परवेज गिरोह का सामना करने के लिए बाहर गए। वह उस वक्त बाहर गये, जब समूह के कई लोगों ने बंदूकें लेकर हवाई फायरिंग शुरू कर दी थी।

फ्राइडे टाइम्स ने बताया कि परवेज को भीड़ ने घेर लिया और उसके सिर के पीछे लोहे की रॉड से पीटा। युवक की मौत की खबर ईसाई समुदाय में तेजी से फैल गई और पुलिस घटनास्थल पर मौजूद अशांति को शांत करने के लिए बनी रही।

पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और इसमें शामिल अन्य लोगों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## अमेरिका ने होंडुरास से पूर्व राष्ट्रपति हर्नांडेज को गिरफ्तार और प्रत्यर्पित करने का आग्रह किया



मेक्सिको सिटी। अमेरिका ने होंडुरास से आग्रह किया है कि वह अपने पूर्व राष्ट्रपति जुआन ओरलैंडो हर्नांडेज को गिरफ्तार करके अमेरिका प्रत्यर्पित करे।

होंडुरास के विदेश मंत्रालय ने शुरुआत में ट्विटर के जरिए बताया था कि उसने देश के 'सुप्रीम कोर्ट ऑफ जस्टिस' को अधिसूचित किया है कि अमेरिकी दूतावास ने होंडुरास के एक नेता को गिरफ्तार करके प्रत्यर्पित करने का औपचारिक अनुरोध किया है।

मंत्रालय ने उस समय नेता के नाम की जानकारी नहीं दी थी, लेकिन होंडुरास के मौजूदा उपराष्ट्रपति साल्वाडोर नसरल्ला ने 'द एसोसिएटिड प्रेस' (एपी) को बताया कि जिस नेता को गिरफ्तार करके प्रत्यर्पित करने का अनुरोध किया गया है, वह हर्नांडेज हैं।

अमेरिकी न्याय मंत्रालय की प्रवक्ता निकोल नवास ने इस मामले में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। अमेरकी विदेश मंत्रालय ने भी इस संबंध में पूछे गए सवाल का फिलहाल जवाब नहीं दिया है।

हर्नांडेज 27 जनवरी तक होंडुरास के राष्ट्रपति रहे। राष्ट्रपति कार्यालय छोड़ने के दिन उन्होंने 'सेंट्रल अमेरिकन पार्लियामेंट' में होंडुरास के प्रतिनिधि के रूप मे शपथ ग्रहण की थी।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने हर्नांडेज पर नशीले पदार्थों संबंधी एक मामले में संलिप्तता का आरोप लगाया है। हर्नांडेज ने इन गतिविधियों में संलिप्तता से इनकार किया है।

## 'स्पेसएक्स' इंजीनियर अन्ना मेमन नए अंतरिक्ष मिशन के चालक दल के सदस्यों में शामिल होंगी



न्यूयॉर्क। अमेरिकी अरबपति जैरेड इसाकमैन द्वारा घोषित अनूठे अंतरिक्ष मिशन के चालक दल के सदस्यों में स्पेसएक्स की इंजीनियर अन्ना मेनन भी होंगी। इसाकमैन ने पिछले साल दुनिया के पहले निजी अंतरिक्ष चालक दल की अगुवाई की थी।

अन्ना मेनन भारतीय मूल के चिकित्सक अनिल मेनन की पत्नी हैं और वह स्पेसएक्स में लीड स्पेस ऑपरेशन्स इंजीनियर हैं।

स्पेसएक्स ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि अन्ना मेनन चालक दल के संचालन संबंधी कार्यक्रम का प्रबंधन करती हैं और मिशन निदेशक तथा चालक दल संवाहक के तौर पर मिशन नियंत्रण में भी सेवा देती हैं।

इसाकमैन अमेरिकी भुगतान संसाधन कंपनी शिफ्ट4 के संस्थापक एवं सीईओ हैं। उन्होंने इंस्पिरेशन4 मिशन की कमान संभाली थी और पोलरिस प्रोग्राम का ऐलान किया था। कार्यक्रम में तीन मानव अंतरिक्ष यान मिशन शामिल होंगे।

पहले मिशन का नाम पोलरिस डॉन है और इसे 2022 के अंत तक फ्लोरिडा में राष्ट्रीय वैमानिकी और अंतरिक्ष प्रबंधन (नासा) के केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से भेजा जाएगा। अन्ना मेनन इस मिशन के लिए विशेषज्ञ एवं चिकित्सा अधिकारी हैं।

# भाई भुल्लर की रिहाई के लिए समाज कल्याण विभाग पहुंचा रिहाई मोर्चा

नई दिल्ली। सियासी सिख कैदी रिहाई मोर्चा (दिल्ली) के नेताओं ने आज दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा। रिहाई मोर्चा के कार्यकारिणी सदस्य डॉ. परमिंदर पाल सिंह, दलजीत सिंह और गुरप्रीत सिंह ने कहा कि भाई दविंदर पाल सिंह भुल्लर को रिहा करने के फैसले का समाज कल्याण विभाग की निदेशक रश्मि सिंह द्वारा सजा समीक्षा बोर्ड में चार बार विरोध किया जा चुका है। नतीजतन, सजा समीक्षा बोर्ड ने भाई भुल्लर की रिहाई को मंजूरी नहीं दी है। बीते दिनों दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में मीडिया को बताया था कि उन्होंने दिल्ली सरकार के गृह सचिव को भाई दविंदर पाल सिंह भुल्लर की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए सजा समीक्षा बोर्ड की बैठक बुलाने का निर्देश दिया है। इसलिए हमने अपना संदेश समाज कल्याण निदेशक तक पहुंचा दिया है। निदेशक के निजी सहायक सुभाष चंद्रा ने हमें बताया है कि मैडम के पास महिला एवं बाल विकास बोर्ड का भी प्रभार है, इसलिए मेडम इस दफ्तर में कम बैठते है, पर हम आपका ज्ञापन उनके पास तुरंत पहुंचा रहे है।

ज्ञापन में निदेशक से अनुरोध किया गया कि सजा समीक्षा बोर्ड की आगामी बैठक में आपके विभाग द्वारा भाई दविंदर पाल सिंह भुल्लर की रिहाई का विरोध न करें। यह भारतीय संविधान, सीआरपीसी, जेल मैनुअल, मानवाधिकार और सामाजिक सद्भाव का सम्मान होगा। साथ ही समाज में आपसी प्रेम और सद्भाव का ख्याल रखना आपके विभाग की बुनियादी जरूरत है। हालांकि यह देखा गया है कि समाज कल्याण विभाग की दिलचस्पी कैदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने से ज्यादा जेलों में बंद रखने में रही है, यह बात हमें बोर्ड की बैठकों की कार्यवाही पढ़कर पता चली है।

# केजरीवाल सरकार वायु प्रदूषण के रियल टाइम स्रोतों की जानकारी प्राप्त करने के बेहद नजदीक पहुंची

नई दिल्ली। केजरीवाल सरकार प्रदूषण के रीयल टाइम सोर्स विभाजन और पूर्वानुमान प्रणाली के बेहद करीब आ गई है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति और दिल्ली सरकार के पर्यावरण विभाग ने आज आईआईटी कानपुर और अन्य सहयोगियों टीम के साथ रियल टाइम स्रोत विभाजन अध्ययन और प्रदूषण पूर्वानुमान परियोजना को लेकर दूसरी समीक्षा बैठक की।

इस परियोजना को दिल्ली कैबिनेट ने मंजूरी दी थी और पिछले साल अक्टूबर में करार पर हस्ताक्षर किए गए थे। इसके तहत आईआईटी



कानपुर, आईआईटी दिल्ली, द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी), और आईआईएसईआर मोहाली की टीम राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण को लेकर अध्ययन करेगी। दिल्ली सरकार की दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति को आईआईटी कानपुर के साथ अध्ययन को क्रियान्वित करने के लिए नोडल एजेंसी के रूप में अधिकृत किया गया है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि हमें बेहद खुशी है कि कोविड-19 महामारी ?से पैदा हुए व्यवधान के बावजूद आईआईटी कानपुर का अध्ययन सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। मैं समय पर काम सुनिश्चित करने के लिए बेहतर प्रबंधन तंत्र स्थापित करने के लिए आईआईटी कानपुर और डीपीसीसी की टीम को बधाई देता हूं। हम अगले कुछ महीनों में इस अध्ययन के परिणाम प्राप्त करने को लेकर उत्सुक हैं। दिल्ली वायु प्रदूषण का वास्तविक समय स्रोत विभाजन करने वाला पहला शहर बनेगा।

रीयल-टाइम सोर्स अपॉइंटमेंट परियोजना दिल्ली में किसी भी स्थान पर वायु प्रदूषण में वृद्धि के लिए जिम्मेदार कारकों की पहचान करने में मदद करेगी। यह वाहन, धूल, बायोमास जलने, पराली जलाने और उद्योग उत्सर्जन जैसे विभिन्न प्रदूषण स्रोतों के वास्तविक समय के प्रभाव को समझने में मदद करेगी।

## ग्राहकों को पूरा समय नहीं मिलेगा, तो क्या खरीदारी करेगा?

नई दिल्ली। करोल बाग स्थित टैंक रोड के रेडिमेड गारमेंट्स वेलफेयर असोसिएशन के प्रेजिडेंट सतवंत सिंह ने कहा कि अब रात 8 बजे तक शॉप खोलने की पाबंदी हटनी चाहिए। कई बाजारों में शाम 7:30 से ही पुलिसकर्मी आ जाते हैं, जो रात 8 बजे तक दुकान बंद करने को बोलते हैं। इस दौरान रिटेल शॉप पर काफी कस्टमर्स होते हैं। वैसे ही ग्राहकों ने अब जाकर निकलना शुरू किया है, यदि उन्हें पूरा समय नहीं मिलेगा, तो वह क्या खरीदारी करेगा? कम समय होने से सेल्समैन भी अपना माल नहीं दिखा पाते हैं। अब नाइट कर्फ्यू भी हटना चाहिए। हमारे माल की आवाजाही भी नहीं हो पा रही है। नाइट कर्फ्यू का तो औचित्य ही समझ से परे हैं। ऐसी कोई स्टडी नहीं है कि जिसमें पता चला हो कि रात में कोरोना के केस बढ़ते हैं। रात में तो क्राउड और कम हो जाता है। ओमिक्रॉन के बढ़ने पर ट्रेडर्स को काफी नुकसान भी झेलना पड़ा। वीकेंड कर्फ्यू और ऑड-ईवन की वजह से दुकानदारी ठप रही। फिर भी कर्मचारियों को पूरी सैलरी और मकान मालिक को पूरा किराया दिया है। अब सरकार से गुहार है कि बिजली-पानी के फिक्स चार्ज में छूट दी जाए। इससे ट्रेडर्स को काफी सपोर्ट मिलेगा।

## विश्वकर्मा चौक का नामकरण किया मेयर नें

नई दिल्ली। रोहताश नगर विधानसभा के अंतर्गत वार्ड 36 ई की निगम पार्षद नीना माहेश्वरी के अथक प्रयासों से भगवान श्री विश्वकर्मा चौक का नामकरण किया गया जिसमें अखिल भारतीय विश्वकर्मा पांचाल महासभा अध्यक्ष डॉ वेद प्रकाश पांचाल रमेश कुमार पांचाल यशपाल पांचाल मुन्नू पांचाल जय कुमार पांचाल राजवीर पांचाल जय भगवान पांचाल बॉबी पांचाल सभी की और से निगम पार्षद रीना माहेश्वरी का आभार व्यक्त किया इस प्रोग्राम में श्याम सुंदर अग्रवाल महापौर पूर्वी दिल्ली , जितेंद्र महाजन विधायक रोहताश नगर , प्रवेश शर्मा अध्यक्ष शाहदरा उत्तरी जोन मास्टर विनोद जिला अध्यक्ष नवीन शाहदरा , अनिल कटारिया अध्यक्ष अशोक नगर मंडल रीना महेश्वरी निगम पार्षद वार्ड 36 ई अशोक नगर एवं अध्यक्ष महिला कल्याण व बाल विकास समितिमुकेश महेश्वरी हिना शर्मा संगीता आदि लोग सम्मिलित रहे।

## शाहदरा जिला विकास समिति की बैठक में हुई कई मुद्दों पर चर्चा

नई दिल्ली। शाहदरा जिला विकास समिति की बैठक शाहदरा जिला विकास समिति के चेयरपर्सन और रोहताश नगर के विधायक जितेंद्र महाजन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में डी.एम. शाहदरा प्रांजल पाटिल , विश्वास नगर से विधायक ओम प्रकाश शर्मा , राम नगर वार्ड से पार्षद प्रवेश शर्मा, अशोक नगर वार्ड से पार्षद रीना महेश्वरी,एस.डी.एम. मोहम्मद रेहान रज़ा शिव सिंह मीणा , देवेंद्र शर्मा , देबाशीष बिस्वाल सहित जिले के सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जितेंद्र महाजन ने बताया कि बैठक में जनहित के कुछ महत्वपूर्ण विषयो पर चर्चा हुई- प्राइवेट अस्पताल जो सरकारी अनुदान में प्राप्त जमीन पर बने हुए हैं किंतु ईडब्ल्यूएस श्रेणी के मरीजों को सही प्रकार से सुविधाएं नहीं देते हैं ऐसे अस्पतालों पर तुरंत कार्यवाही की जाए। इसी प्रकार प्राइवेट विद्यालय जो सरकारी अनुदान प्राप्त जमीन पर बने हुए हैं किंतु विद्यार्थियों को एडमिशन देने में जो विद्यालय डोनेशन मांगते हैं ई.डब्लू.एस. श्रेणी के विद्यार्थियों को एडमिशन देने में कोताही बरतते हैं उन पर भी कार्यवाही की जाए। बैठक में पिछले कुछ दिनों से शराब की दुकानों पर लगने वाली भीड़ और इसके कारण खराब हुए वातावरण को सुधारने के विषय पर बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों ने गंभीरता से विचार विमर्श किया तथा श्री जितेंद्र ने ऐसी शराब की दुकानों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के आदेश दिए साथ ही साथ स्वामी दयानंद अस्पताल निकाले गए कर्मचारियों के विषय में और शाहदरा जी.टी. रोड पर अवैध कब्जे हटाने के विषय में भी बैठक में चर्चा हुई।

## दिल्ली में न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से दो डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी।

आईएमडी ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 92 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आज आसमान साफ रहने का पूर्वानुमान जताया है। दिल्ली में अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। सफदरजंग वेधशाला में सोमवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आईएमडी ने कहा कि बुधवार को न्यूनतम तापमान नौ डिग्री और अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार को पूर्वाह्न पौने 10 बजे दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 214 था जो 'खराब' श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 और 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 और 200 के बीच 'मध्यम', 201 और 300 के बीच 'खराब', 301 और 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 और 500 के बीच एक्यूआई को 'गंभीर' माना जाता है।

## 'लव जिहाद' पर गुजरात सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने लव जिहाद कानून पर राहत की उम्मीद लगाए गुजरात सरकार को बड़ा झटका दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश के कुछ प्रावधानों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है और कहा है कि वह हाई कोर्ट के फैसले में दखल नहीं दे सकता। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने मामले का परीक्षण करने का फैसला किया है. सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार की याचिका पर नोटिस जारी किया है. इससे पहले हाईकोर्ट ने कहा था कि जब तक ये साबित नहीं हो जाता कि लड़की को लालच देकर फंसाया गया है, तब तक किसी व्यक्ति के खिलाफ लव जेहाद कानून के तहत एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकती। दरअसल, पिछले साल अगस्त में लव जिहाद विरोधी कानून को लेकर गुजरात हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया था. हाईकोर्ट ने लव जिहाद कानून की कुछ धाराओं को लागू करने से रोक दिया था. हाईकोर्ट ने ये फैसला जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर सुनाया था. जमीयत ने इस कानून पर रोक लगाने की मांग की थी. गुजरात सरकार ने 15 जून 2021 को कथित लव जिहाद को रोकने के लिए गुजरात धार्मिक स्वतंत्रता (संशोधन) अधिनियम 2021 लागू किया था।

# पक्षपातपूर्ण और उपेक्षित नीति के कारण, दिल्ली में उर्दू और पंजाबी शिक्षकों का संकट :कलीमुल हफ़ीज़

नई दिल्ली। 2017 में जिस तरह से दिल्ली सरकार ने उर्दू और पंजाबी पर ज़ुल्म ढाया उसी प्रकार अब भी इसने उर्दू और पंजाबी भाषाओं के प्रति भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया है। दोनों भाषाओं के शिक्षकों के रिक्त पदों के लिए विज्ञापन जारी किए गए, आवेदन भी मांगे गए, लेकिन कुछ अनावश्यक शर्तें लगाकर कुछ ही रिक्तियों को भरा गया। दिल्ली सरकार नहीं चाहती कि दोनों भाषाओं में रिक्तियां भरी जाएं। उक्त विचार कलीमुल हफ़ीज़, अध्यक्ष, मजलिस-ए-इत्तेहादुल - मुस्लिमीन, दिल्ली ने प्रकट किए हैं।



उन्होंने कहा कि छ्व्स्स्क्च द्वारा 874 पंजाबी भाषा के पोस्ट प्रकाशित किए गए थे। लेकिन 66 पुरुष और 72 महिलाएं ही पास हुईं, जिससे 736 पद खाली रह गए। इसी तरह उर्दू भाषा के 917 पदों के लिए आवेदन मांगे गए थे, लेकिन केवल 177

**रिक्तियां उपलब्ध हैं फिर भी शिक्षित लोगों की भर्ती नहीं की गई है।**

उम्मीदवारों को ही सफल घोषित किया गया और 740 पद खाली रहे। 2017 की भर्ती में भी यही हुआ था पंजाबी में 214 रिक्तियों में से केवल 43 शिक्षकों से भरी हुई थीं और उर्दू के लिए 213 रिक्तियों के लिए केवल 34 उम्मीदवारों का चयन किया गया था। कलीमुल हफ़ीज़ ने कहा कि यह सब सरकार की गलत नीतियों का नतीजा है। इस भर्ती प्रक्रिया में उम्मीदवारों को दो पेपर हल करने होते हैं एक में सामान्य प्रश्न होते हैं जबकि दूसरे पेपर में अपने विषय से संबंधित प्रश्न होते हैं। लेकिन सामान्य विषय में उर्दू और पंजाबी के अलावा अन्य विषयों के बारे में प्रश्न पूछे जाते हैं। जबकि विज्ञान, अंकगणित, भूगोल, इतिहास के सामान्य विषय के पेपर आदि में 20 नंबर के प्रश्न उम्मीदवार के अपने विषय से संबंधित होते हैं। लेकिन यह सुविधा उर्दू और पंजाबी के लिए उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण उर्दू और पंजाबी के उम्मीदवार सामान्य प्रश्नपत्रों में आवश्यक अंक नहीं लाते हैं। सरकार को सभी विषयों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए। विषय से जुड़े दूसरे प्रश्न पत्र में भी सरकार ने ठगी की। पंजाबी और उर्दू भाषा के अभ्यर्थियों को भी हिंदी या अंग्रेजी में हल करने का आदेश दिया गया था, जिससे अभ्यर्थी पास नहीं हो सके। सरकार को अपनी मंशा साफ करनी चाहिए। प्रश्न पत्र उस विषय की भाषा में दिया जाना चाहिए जिसके लिए शिक्षक नियुक्त किया जा रहा है। केजरीवाल सरकार भर्ती के नाम पर इन दो भाषाओं से खेल रही है। वह नहीं चाहती कि ये दोनों भाषाएं फलें-फूलें, वह नहीं चाहती कि बच्चे पंजाबी और उर्दू पढ़ें, इसलिए कम से कम लोगों को रखने के लिए जानबूझकर नीति बनाई गई है,कई उम्मीदवार बहुत कम नंबरों से असफल हुए हैं। हम मांग करते हैं कि नीति को ठीक किया जाये तथा दोनों प्रश्न पत्रों के नंबरों को जोड़ कर मेरिट बनाई जाए। कलीमुल हफ़ीज़ ने कहा कि उर्दू और पंजाबी शिक्षकों का संकट पूर्वाग्रह और भेदभाव पर आधारित नीति के कारण पैदा हुआ है अगर जरूरत पड़ी तो कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया जाएगा।

# शिकंजे में दिल्ली का शैतान: 87 वर्षीय बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली।

पश्चिमी जिले के तिलक नगर में चोरी का विरोध करने पर 87 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित की पहचान तिलक नगर निवासी अंकित (30) के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपित के पास से मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है, जो उसने बुजुर्ग महिला के घर से चुराया था। पुलिस ने इस मामले को 16 घंटे के भीतर सुलझाया है।

पुलिस के अनुसार, 87 वर्षीय बुजुर्ग महिला अपनी बेटी के साथ तिलक नगर इलाके में रहती हैं। बुजुर्ग महिला की तबीयत खराब रहती है



और वे बिस्तर पर ही रहती हैं। रविवार दोपहर उनकी बेटी कुछ सामान खरीदने के लिए बाजार गई हुई थी।

बाजार से वापस आने पर जैसे ही कमरे में गई तो उसके होश उड़ गये। कमरे का सारा सामान बिखरा पड़ा था और उसकी मां के मुंह से खून निकल रहा था। तलाश करने पर पता चला कि कमरे में रखा मोबाइल फोन गायब है। उसकी मां ने बताया कि एक अनजान युवक आया था। जो घर में चोरी करने लगा। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपित ने उसके साथ मारपीट की और उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपित मोबाइल लेकर फरार हो गया।

पीड़िता की बेटी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। पुलिस ने इसके लिए 18 टीमों का गठन किया। इसमें नौ टीमें सीसीटीवी फुटेज खंगालने में गई और 57 लोकेशन की जांच की गई। आरोपित की पहचान होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित ठेकेदारी में सफाई का काम करता है। पुलिस ने उसे उसके घर से गिरफ्तार किया है।

**पहले बयान में नहीं बताई थी दुष्कर्म की बातें**

वहीं, घटना के बारे में एडिशनल डीसीपी प्रशांत गौतम ने कहा कि बुजुर्ग महिला का मेडिकल नहीं करवाने और पुलिस की कार्यप्रणाली पर जो सवाल उठाये गये हैं वो गलत हैं। घटना के बाद पीड़िता की तरफ से घटना की सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिस ने पीड़ित परिवार से पूछताछ की। पीड़ित परिवार ने केवल घर में चोरी की बात बताई और यही लिखित में भी दी। अगले दिन उन्होंने दुष्कर्म की बात बताई। पीड़ित परिवार ने पुलिस को बताया कि लोकलाज के डर के कारण उन्होंने पहले इस बात को नहीं बताया था।

# निर्दोष सिखों की सामूहिक हत्या के लिए जगदीश टाइटलर को फांसी दो - हरमीत कालका

नई दिल्ली। दिल्ली सिख कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी को कहा है कि उन्हें अपने पंजाब के सीएम चरणजीत सिंह चन्नी की आवाज़ को सुनना चाहिए जिन्होंने एक टीवी साक्षात्कार के दौरान खुले तौर पर एक सवाल के जवाब में माना कि 1984 के सिख नरसंहार के दौरान दिल्ली में हज़ारों निर्दोष सिखों की सामूहिक हत्या के लिए जगदीश टाइटलर को फांसी दी जानी चाहिए।

स. कालका ने कहा कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की मांग है कि जगदीश टाइटलर को कांग्रेस पार्टी से तुरंत प्रभाव से निष्कासित किया जाना चाहिए और उसके द्वारा किये गये जघन्य अपराधों

**नवजोत सिद्ध पंजाब चुनाव से पहले सी.एम चन्नी द्वारा दिये गये के बयान पर अपना रुख स्पष्ट करें : काहलों**



के लिए उसे पुलिस के हवाले कर दिया जाना चाहिए। कांग्रेस ने जो सिखों के साथ किया, उसे सिख कभी नहीं भूलेंगे। पिछले 37 वर्षों से सिख कह रहे थे कि जगदीश टाइटलर 1984 के सिख नरसंहार का मुख्य आरोपी है और उसके अपराधों के लिए उसे सज़ा दी जानी चाहिए। पर कांग्रेस उसे हमेशा बचाती रही है। अब उनकी काग्रेंस ही पार्टी के पंजाब सीएम चन्नी ने सार्वजनिक तौर पर माना और कहा कि जगदीश टाइटलर को उसके द्वारा किये गये अपराधों के लिए फांसी दी जानी चाहिए।

# अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग पर किसका अधिकार, सुप्रीम कोर्ट में 3 मार्च को सुनवाई

**कुलदीप त्यागी**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में अफसरों की ट्रांसफर पोस्टिंग के मामले पर 3 मार्च को सुनवाई करेगा। आज दिल्ली सरकार के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने चीफ जस्टिस एनवी रमना की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए इस पर जल्द सुनवाई की मांग की। उसके बाद कोर्ट ने इस मामले पर 3 मार्च को सुनवाई का आदेश दिया। फिलहाल अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार उप-राज्यपाल के पास है।

14 फरवरी, 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में अफसरों पर नियंत्रण के मसले पर सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय बेंच ने विभाजित फैसला सुनाया था। जस्टिस एके सिकरी और जस्टिस अशोक भूषण की बेंच ने अलग-अलग फैसला सुनाया, इसलिए इस मसले पर विचार करने



के लिए बड़ी बेंच को रेफर कर दिया गया।

जस्टिस सिकरी ने कहा था कि संविधान बेंच के फैसले ध्यान में रखा जाना चाहिए लेकिन सर्विसेज के अधिकार पर अलग-अलग मत हैं। जस्टिस सिकरी ने कहा था कि ज्वायंट सेक्रेटरी या उससे ऊपर के अधिकारी उप-राज्यपाल के अधीन आएंगे जबकि बाकी दिल्ली सरकार के अधीन आएंगे। जस्टिस सिकरी ने कहा था कि एंटी करप्शन ब्यूरो केंद्र सरकार के तहत आएगा, क्योंकि दिल्ली सरकार के पास पुलिसिंग का अधिकार नहीं है। एसीबी के मामले में जस्टिस सिकरी ने अपने फैसले में कहा था कि वह सिर्फ दिल्ली सरकार के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ करप्शन मामले की जांच कर सकता है, केंद्र के अंदर आने वालों पर नहीं। दिल्ली सरकार खुद कमीशन ऑफ इंक्वायरी भी नियुक्त नहीं कर सकती है। जस्टिस सिकरी ने कहा था कि जमीन, लॉ और पुलिस केंद्र सरकार के अधीन हैं। जस्टिस सिकरी ने कहा कि इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत दिल्ली सरकार को अधिकार है और वह डायरेक्टर की नियुक्ति कर सकता है।

जस्टिस अशोक भूषण ने जस्टिस सिकरी के सभी फैसलों पर सहमति जताई थी सिवाय सर्विसेज के फैसले के। जस्टिस भूषण ने कहा था कि सभी अधिकारी केंद्र सरकार के अधीन ही आएंगे। दोनों जजों ने साफ कहा था कि सर्किल रेट, कमीशन ऑफ इंक्वायरी और साथ ही साथ इलेक्ट्रिसिटी रिफॉर्म पर भी एलजी दिल्ली में सुप्रीम अथॉरिटी है। दोनों जजों ने कहा था कि दिल्ली सरकार स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर नियुक्त कर सकती है। कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली सरकार और एलजी मिलकर लोगों की भलाई के लिए काम करें।

## कुतुबमीनार की जीर्णोद्धार करवाना किसी तरह तर्कसंगत नहीं

नई दिल्ली। यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट ने केन्द्रीय पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी को प्रेषित पत्र मं कुतुबमीनार की पुरातत्व विभाग द्वारा मरम्मत करवाने के निर्णय को तर्कहीन बताया है। पत्र की प्रति पर्यटन राज्यमंत्री एवं दिल्ली की सांसद श्रीमति मीनाक्षी लेखी और पुरात्तव विभाग के महानिदेशक वी. विध्यावती को भी भेजी गई है।

**परिसर में बने विशाल हिन्दू मंदिरः यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट पर्यटन मंत्री को भेजा गया पत्र**

फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान गोयल द्वारा भेजे गए पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि 27 हिन्दू मंदिरों को तोड़कर कुतुबमीनार का निर्माण किया गया था जो क्रूर, लुटेरे मौहम्मद गौरी के सेनापति कुतुबुद्दीन ऐबक द्वारा मीनार की दीवारों पर लिखाए जाने से स्पष्ट होता है। कुतुबमीनार के सामने 2000 वर्ष पुराना लौह स्तंभ भी इस बात का प्रमाण है कि वहां विष्णु मंदिर था जिसकी गवाही स्तंभ पर अंकित ब्राह्मी एवं संस्कृत भाषा में उकेरे गए श्लोक देते हैं।

पत्र में गोयल ने कहा है कि कालांतर में मुगल शासकों ने देशभर के लाखों मंदिरों को लूटा और नष्ट किया था। महरौली में प्रसिद्ध विष्णु मंदिर भी उन्हीं लाखों मंदिरों में से एक था। वर्तमान सरकार को मंदिरों को तोड़कर बनाए गए मस्जिदों अथवा स्मारकों को हतोत्साहित करके वहां प्राचीन हिन्दू मंदिर पुनः स्थापित करने के दिशानिर्देश देने चाहिए। यह हिन्दू स्वाबलम्बियों के लिए एक बड़ा उपहार होगा।

# केजरीवाल सरकार के दो साल, दिल्ली के विनाश काल: बिधूड़ी

■विकास कार्यों से पूरी तरह वंचित रही दिल्ली ■दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी, मैली यमुना और पब्लिक ट्रांसपोर्ट धराशायी

नई दिल्ली।

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार के दो साल के कार्यकाल को दिल्ली के लिये विनाश काल कहा है। उन्होंने कहा कि इस दौरान विकास का कोई कार्य नहीं हुआ। दिल्ली को कोरोना काल में असहाय हालत में मरने के लिए छोड़ दिया गया। हर मोर्चे पर दिल्ली सरकार पूरी तरह असफल साबित हुई।

बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली ने पिछले दो सालों को ऐसे दौर के रूप में गुजारा है जिसकी दर्दनाक यादें आने वाली पीढ़ियों के दिमाग में बसी रहेंगी।



कोरोना काल के दौरान दिल्ली सरकार कहीं नजर नहीं आई। जनता को न अस्पतालों में बेड मिले, न दवाइयां मिलीं, न वेंटिलेटर मिले, न ऑक्सीजन मिली और न ही एम्बुलेंस तक मिलीं। दिल्ली सरकार के मुखिया सिर्फ अपने प्रचार में व्यस्त रहे।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली की जनता के साथ कई वादे किए लेकिन इन सालों मे दिल्ली पर दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी होने का कलंक लग गया। दिल्ली का पब्लिक ट्रांसपोर्ट पूरी तरह ध्वस्त नजर आया। सात सालों में डीटीसी के बेड़े में एक भी नई बस नहीं आई। दिल्ली में एक भी नया सरकारी स्कूल या कॉलेज नहीं खोला गया। दिल्ली को कोई नया फ्लाईओवर प्रोजेक्ट नहीं मिला। दिल्ली की सड़कों का इतना बुरा हाल है कि हर तरफ धूल उड़ती नजर आती है। नई सड़कें बनाना तो दूर, पुरानी सड़कों की मरम्मत भी केजरीवाल सरकार नहीं करा पाई। दिल्ली में यमुना में डुबकी लगाने का वादा मुख्यमंत्री ने किया था लेकिन यमुना सिर्फ गंदा नाला बनकर रह गई है।

बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली में 60 लाख से ज्यादा लोगों के पास राशन कार्ड नहीं हैं लेकिन दिल्ली सरकार न तो इन लोगों के राशन कार्ड बनवा पाई और न ही उन्हें राशन उपलब्ध करा पाई। बेसहारा बुजुर्गों और महिलाओं की पेंशन चार साल से बंद पड़ी है लेकिन केजरीवाल सरकार को इनकी कोई सुध नहीं है। दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी उपलब्ध कराने का वादा करने वाली यह सरकार साफ पानी सप्लाई नहीं करा पाई। सैंकड़ों कॉलोनियां टैंकर माफिया के रहमोकरम पर चल रही हैं। दिल्ली में आज बिजली पूरे देश में सबसे महंगी दरों पर दी जा रही है। दिल्ली में घरेलू बिजली औसतन 8 रुपए प्रति यूनिट और इंडस्ट्रियल बिजली 14 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से मिल रही है।

बिधूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल को दिल्ली के लिए फुरसत ही नहीं है। वह कई महीनों से दूसरे राज्यों के चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं और दिल्ली में कोई सरकार नजर नहीं आती। पिछले दो साल केजरीवाल सरकार की नाकामियों की कहानी ही कहते हैं।

# सम्पादकीय

## डेयरी विकास और पशुधन, गरीबों के लिए आय का साधन

-सत्यवान 'सौरभ'-

देश के लाखों ग्रामीण परिवारों के लिए डेयरी आय का (पशुपालन के जरिये दूध व्यवसाय) एक महत्वपूर्ण माध्यमिक स्रोत बन गया है और विशेष रूप से छोटे और महिला किसानों के लिए रोजगार और आय पैदा करने के अवसर प्रदान करने में इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज देश में अधिकांश दूध का उत्पादन छोटे, सीमांत किसानों और भूमिहीन मजदूरों द्वारा पाले गए जानवरों द्वारा किया जाता है। भारत में कुल दुग्ध उत्पादन का लगभग 48 प्रतिशत दूध या तो उत्पादक स्तर पर उपभोग किया जाता है या ग्रामीण क्षेत्र में गैर-उत्पादकों को बेचा जाता है। शेष 52 फीसदी दूध शहरी क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को बिक्री के लिए उपलब्ध अतिरिक्त बिक्री योग्य है। अनुमान है कि बेचे गए दूध का लगभग 40 फीसदी संगठित क्षेत्र (अर्थात 20 फीसदी सहकारी और निजी डेयरियों द्वारा) और शेष 60 फीसदी असंगठित क्षेत्र द्वारा नियंत्रित किया जाता है।

सहकारी स्तर पर ठोस प्रयासों के माध्यम से दूध की आपूर्ति में भारी वृद्धि को श्वेत क्रांति के रूप में जाना जाता है। ऑपरेशन फ्लड के अड़तालीस साल बाद - जिसने भारत को दुनिया का सबसे बड़ा



दूध उत्पादक बना दिया - भारत कृषि उपज और उत्पादकता में एक और सफलता की तलाश में है। श्वेत क्रांति ने दूध और दूध उत्पादों के लिए डेयरी फर्मों की विपणन रणनीति को प्रभावित किया है। भारत 2019 में सबसे बड़े दूध उत्पादक और उपभोक्ता के रूप में उभरा है। नीति आयोग का अनुमान है कि देश में अपने दूध उत्पादन को 2033-34 में 176 मिलियन टन के मौजूदा स्तर से बढ़ाकर 330 मिलियन मीट्रिक टन कर लेगा। वर्तमान में भारत में डेयरी उत्पादों के विश्व उत्पादन का 17 फीसदी हिस्सा है, जो 1998 में संयुक्त राज्य अमेरिका को पछाड़कर दुनिया के सबसे बड़े डेयरी उत्पाद के रूप में है। यह सब ऑपरेशन फ्लड द्वारा हासिल किया गया था जो 1970 के दशक में शुरू किया गया था। भारत में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 1960 में 126 ग्राम प्रतिदिन से बढ़कर 2021 में 406 ग्राम प्रतिदिन हो गई है।

ये सब हासिल करने में डेयरी क्षेत्र के लिए सरकार की पहल ने अहम भूमिका निभाई है; जैसे गोजातीय प्रजनन के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम, राष्ट्रीय गोकुल मिशन, राष्ट्रीय गोजातीय आनुवंशिक केंद्र, गुणवत्ता चिह्न, राष्टीय कामधेनु प्रजनन केंद्र, ई-पशुहाट पोर्टल, डेयरी विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीडीडी), डेयरी उद्यमिता विकास योजना (डीईडीएस), राष्ट्रीय डेयरी योजना,डेयरी प्रसंस्करण और बुनियादी ढांचा विकास कोष (डीआईडीएफ), डेयरी गतिविधियों में लगे डेयरी सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों का समर्थन करना (एसडीसीएफपीओ) वो योजनाएं है जिनसे पशुपालन के प्रति देश में लोगों की रूचि में बढ़ोतरी हुई है। फिर भी बहुत सी ऐसी बातें है जिनमें सुधार से इस व्यवसाय को और ज्यादा लाभ वाला और रुचिपूर्ण बनाया जा सकता है, आज देखें तो भारतीय मवेशियों और भैंसों की उत्पादकता सबसे कम है। इसी तरह, संगठित डेयरी फार्मों की कमी है और डेयरी उद्योग को वैश्विक मानकों पर ले जाने के लिए उच्च स्तर के निवेश की आवश्यकता है। कृषि पशुओं की उत्पादकता में सुधार प्रमुख चुनौतियों में से एक है; विभिन्न प्रजातियों की अनुवांशिक क्षमता को बढ़ाने के लिए विदेशी प्रजातियों के साथ स्वदेशी प्रजातियों का क्रॉस ब्रीडिंग केवल एक सीमित सीमा तक ही सफल रहा है।

यह क्षेत्र उभरती बाजार शक्तियों के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भागीदारी बढ़ाने के लिए अवसर पैदा करेगा इसलिए कड़े खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता मानदंडों की आवश्यकता होगी। इसके व्यवसायीकरण को गति देने के लिए बाजारों तक पहुंच महत्वपूर्ण है। बाजारों तक पहुंच की कमी किसानों को उन्नत प्रौद्योगिकियों और गुणवत्ता इनपुट को अपनाने के लिए कमजोर कर सकती है। इसलिए बाजार हिस्सेदारी में उत्पन्न होने वाले अवसरों और खतरों को देखते हुए डेयरी फार्म की क्षमताओं और उनके संसाधनों का उपयोग कैसे किया जाये पर ध्यान देना अति आवश्यक है। अनुबंध/कॉर्पोरेट डेयरी और उभरते वैश्विक डेयरी व्यापार को डेयरी लक्ष्य खंड में विस्तारित करने के लिए शामिल करना आवश्यक है। छोटे और मध्यम आकार के किसानों के लिए पंचायत स्तर पर शिक्षा और प्रशिक्षण, पशु उत्पादन को सब्सिडी देना और पशु बाजारों को प्रोत्साहित करना, उत्पादित दूध के लिए रसद की सुविधा, पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान में विशेष रूप से उन्नत पशु चिकित्सा सुविधा, ग्रामीण स्तर पर उत्पादित डेयरी की खरीद के लिए निजी क्षेत्र की फर्म को प्रोत्साहित करना, पशु खरीद के लिए छोटे और मध्यम स्तर के किसानों के लिए कम ब्याज ऋण, ग्रामीण महिलाओं को पशुपालन के लिए प्रोत्साहित करना, एंथ्रेक्स, फुट एंड माउथ, पेस्ट डेस रूमिनेंट्स आदि रोगों के खिलाफ मवेशियों का बीमा, पेशेवर प्रबंधन के साथ ग्रामीण स्तर पर युवाओं के प्रभावी प्रशिक्षण के माध्यम से डेयरी उद्यमियों का पोषण आदि के साथ-साथ उन्नत कृषि पद्धतियां, स्वच्छता, पीने के पानी और चारे की गुणवत्ता इन सभी की आवश्यकता है। तभी ये व्यवसाय किसानों के लिए सच्चा धंधा साबित होगा ।

# हिजाब प्रकरण : देश बड़ा या धर्म?

गिरीश्वर मिश्र



देश की मौजूदा सियासत के हालात कुछ ऐसे हो रहे हैं कि उसकी उठापटक में सभी पार्टियों को मुद्दों का इंतज़ार रहने लगा है। छोटा हो बड़ा, साथक हो या निरर्थक सबकुछ खाली बैठे राजनेताओं के लिए जायज हो जाता है और मीडिया के भरोसे एक से एक आख्यान गढ़े जाने लगते हैं।

इस माहौल में हर चीज का फौरी तौर पर फ़ायदा उठाया जाता है, चाहे वह व्यापक नजरिए में नुकसानदेह ही क्यों न हो। बात का बतंगड़ बनाने में नेतागण माहिर होते जा रहे हैं।

ताजा घटना कर्नाटक से जुड़ी है जो राजनीति की बयार में कुछ इस तरह घुली है कि सरहद पार भी उसकी सनसनाहट सुनाई पड़ने लगी है। घटना है उडुपी जिले की जहां एक सरकारी प्री यूनिवर्सिटी कालेज की पांच मुस्लिम छात्राओं ने स्कूल के नियत यूनीफार्म को न मानते हुए स्कूल में हिजाब पहन कर आने की जिद पकड़ी। उनके हिसाब से हिजाब उनके धार्मिक मत या विश्वास का हिस्सा है। हिजाब पर स्कूल द्वारा प्रतिबन्ध लगाने के खिलाफ उच्च अदालत में इन बच्चियों ने अर्जी लगाई है कि यह उनके मौलिक धार्मिक अधिकारों का हनन है।

धर्म की दुहाई देने वाले आगे बढ़कर हिजाब को इस्लाम का आधारभूत अभ्यास मानते और घोषित करने लगे और यह तर्क भी दिया जाने लगा कि कोई भी कुछ भी पहने यह उसकी मर्जी है, उसमें कोई दखल नहीं होनी चाहिए। स्कूल अपने यहाँ पढ़ाई के लिए आने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए एक तरह के यूनीफार्म की व्यवस्था करते हैं और यह आधुनिक शिक्षा जगत में जीवन-चर्या का स्वीकृत अंग हो चुका है। समानता, भाईचारा और विद्यालय से लगाव आदि विभिन्न उद्देश्यों के लिए यूनीफार्म अपनाने की बात एक सामान्य व्यवस्था है जो पूरे देश में प्रचलित और स्वीकृत है। संदर्भित मामले में हिजाब पहनना स्कूल द्वारा निश्चित से परे है।

इस विवाद ने अनावश्यक तनाव और नफ़रत का माहौल खड़ा किया जिसे तूल भी दिया जा रहा है। इस बीच पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा के चुनाव में भी इसकी छाया पड़ने की संभावना को नकारा नहीं जा सकता। स्कूल की कार्यवाही के खिलाफ जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और मौलिक अधिकारों के हनन का प्रश्न उठाया जा रहा है। हिन्दू और मुस्लिम के बीच भेद की दीवार खड़ी की जा रही है। हिजाब पर्दे का काम करता है और सामाजिक जीवन में भागीदारी से दूरी बढ़ाए रखता है। स्त्रियों की उन्नति और उनका हक़ उन्हें दिलाने के लिए ताकि वे भी अपने पैरों पर खड़ी हो सकें, शिक्षा कितनी महत्त्व की है यह बात किसी से छिपी नहीं है। साथ ही तुलनात्मक रूप से मुस्लिम स्त्रियों की अवस्था को लेकर गाहे-बगाहे चिंता जताई जाती रही है पर सुधार लाने के लिए आवश्यक व्यवस्था करते हुए जमीनी हकीकत बदलने के लिए जरूरी पहल करने में सभी पिछड़े हुए हैं।

गौरतलब है कि निजी शिक्षा संस्थान में धार्मिक वेशभूषा के निरादर की बात को लेकर संदर्भित विवाद खड़ा हुआ है। क्राइस्ट नगर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में यूनीफार्म तय है। मुस्लिम समुदाय की लड़कियों की ओर से उनके अभिभावकों ने मुकदमा किया और हिजाब को धर्म की व्यवस्था का हिस्सा मानते हुए मामला खड़ा किया गया। स्कूल इसे ठीक नहीं मानता। उच्च न्यायालय ने मुख्य न्यायाधीश की पीठ द्वारा यह फैसला लिया कि विद्यार्थी स्कूल द्वारा निश्चित किए गए परिधान (ड्रेस) में स्कूल आएं।

स्मरणीय है कि ड्रेस कोड को लेकर हर किसी को छूट है पर स्कूल का भी मौलिक अधिकार है कि अपनी व्यवस्था चलाए। स्त्रियों को धर्मानुकूल ड्रेस धारण करने की छूट मूल अधिकार बनता है। शिक्षा देने की व्यवस्था राज्य की जिम्मेदारी है। इस तरह निजी शैक्षिक संस्थान सार्वजनिक काम कर रहे हैं। मौलिक अधिकार निरपेक्ष और सापेक्ष दोनों ही तरह के होते हैं। निरपेक्ष में कोई रद्दोबदल नहीं हो सकता। धार्मिक अधिकार सापेक्ष अधिकार की श्रेणी में आते हैं। राज्य की ओर से कोई प्रतिबन्ध नहीं है।

भारतीय संविधान ऐसे समाज की कल्पना करता है जहां अधिकारों को व्यापक सामाजिक हित की दृष्टि से संतुलित किया जाय। इस दृष्टि से संस्था की व्यवस्था व्यक्ति की पसंद से अधिक महत्त्व की होती है। स्वतंत्रता (लिबर्टी) का अर्थ यही है कि व्यापक हित को महत्त्व दिया जाय। संस्था और छात्रों के बीच उनके हितों की रक्षा महत्त्व की है।

हाईकोर्ट ने यह निर्देश दिया है कि जबतक कोई फैसला नहीं आ जाता तब तक विद्यार्थी स्कूल-कालेज में धार्मिक पहचान वाले ड्रेस न पहनें। परीक्षा सन्निकट है इसलिए शिक्षा संस्थान खोले जाने चाहिए। छात्रों को जिद नहीं करनी चाहिए। विवाद को सामान्य जीवन को प्रभावित नहीं करने देना चाहिए। तीन दिन संथाओं को बन्द करने के बाद उनके आसपास 200 मीटर के दायरे में इकट्ठा होने पर दो हफ्ते तक पाबंदी लगाई गई है। बात दूर चलते हुए उच्चतम न्यायालय भी पहुंच गई पर न्यायालय ने कहा कि उच्च न्यायालय को सुनवाई करने दें।

हिजाब की जंग की आंच तमिलनाडु पहुँच रही है जहां धोती के ड्रेस कोड का मामला शुरू है। चेन्नई में उच्च अदालत ने एक वाजिब सवाल किया है सर्वोपरि क्या है देश या धर्म? याद रहे ऋग्वेद में भी यहाँ नाना धर्मों को मानने वालों और नाना भाषाओं के बोलने वालों का उल्लेख मिलता है जिनका मातृभूमि द्वारा पालन किया जाता है। देश को, देश की एकता और प्रगति के लक्ष्य को सामने रखकर आपसी सौहार्द का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। आज इसी दृष्टि से विचार की जरूरत है। शिक्षा इसी अर्थ में मुक्त करने वाली होती है कि वह भ्रमों को दूर करती है। मुक्त मन से ही शिक्षा आगे बढ़ सकेगी और सभी आगे चल सकेंगे।

# जैविक उर्वरकों और कीटनाशकों का खेत में ही निर्माण करें

आर.के. सिन्हा



पिछले अंक में मैंने बताया था कि एक किसान के पास यदि मात्र एक गाय और उसका बच्चा भी हो तो वह 20 एकड़ जमीन के लिए पर्याप्त जैविक उर्वरक और कीटनाशक का निर्माण स्वयं अपने यहाँ कर सकता है।

आज हम इसी विषय पर विस्तृत चर्चा करेंगे। अपने पिछले लेख में मैंने गाय के गोबर और गौमूत्र से तैयार गौकृपा अमृत की विस्तार से चर्चा की थी। लेकिन, एक गाय और उसके बच्चे का गोबर और गौमूत्र भी गौकृपा अमृत के प्रयोग के बाद तो बच ही जायेगा। क्योंकि, गौकृपा अमृत का विस्तार तो हम मदर कल्चर से करते हैं। गोबर और गौमूत्र की तो जरूरत ही नहीं होती। एक लीटर मदर कल्चर से 200 लीटर गौकृपा अमृत बनाने की आसान विधि को मैंने पिछले लेख में विस्तृत रूप से बताया था। अब बचे गोबर और गौमूत्र का क्या किया जाये? इसकी विस्तृत जानकारी इस लेख में देते हैं।

गौकृपा अमृत के प्रयोग से आप सामान्य रूप से साल-डेढ़ साल में पूरी तरह पक कर तैयार होने वाले कम्पोस्ट को मात्र एक से डेढ़ महीने में तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आपको किसी भी छायादार जगह में चाहे कोई झोपड़ी हो या किसी वृक्ष की छाया हो, तीन से चार फीट चौड़ा और डेढ़ से दो फीट ऊंचा ताजे गोबर का बेड तैयार कर लेना होगा। लम्बाई आप चाहे जितनी भी रख सकते हैं, कोई हर्ज नहीं है। अब जब बेड तैयार हो जाय तो एक कोने से दूसरे कोने तक एक-एक फीट के अन्तर पर किसी मोटे बांस से बेड में छेद कर दीजिए और उसमें गौकृपा अमृत भर दीजिए। यदि यह काम आपने रविवार को किया है तो मंगलवार और बुधवार तक पूरा गौकृपा अमृत गोबर के साथ मिलकर सूख जायेगा। जब यह पूरी तरह से सूख जाये, चाहे यह बुधवार हो या बृहस्पतिवार को, तब इस बेड को कुदाल से अच्छी तरह उलट-पलट कर दीजिए।

अब एक दिन इस ढेड़ को धूप में हवा लगने दीजिए यानि यदि बुधवार को इसे पलटा है तो बृहस्पतिवार को कुछ न करें और फिर शुक्रवार को इस बेड को ठीक करके फिर से एक-एक फीट पर मोटे बांस से छेद करके फिर से गौकृपा अमृत भर दीजिए। फिर रविवार या सोमवार को गौकृपा अमृत गोबर के साथ मिलकर सूखकर दुबारा पलटने के लिए तैयार हो जायेगा। इस प्रकार गर्मी के मौसम में यह सप्ताह में तीन बार और बरसात तथा सर्दी के मौसम में सप्ताह में दो बार पलटा जा सकेगा। इस प्रकार आप देखेंगे कि फरवरी से जून तक इन पांच महीनों में यह लगभग एक महीने में तैयार हो जायेगा और जुलाई से जनवरी तक सात महीने में यह लगभग डेढ़ माह में तैयार होकर यह एकदम भुरभुरे चाय की पत्ती की तरह सूखा कम्पोस्ट बनकर तैयार हो जायेगा। अब इसे थोड़ा फैलाकर धूप दिखा दीजिए और बोरो में भरकर रख लीजिए। अब अच्छी तरह से आपका कम्पोस्ट तैयार हो गया है। इस एक टन कम्पोस्ट खाद को यदि एक एकड़ भूमि में डालकर आखिरी जुताई के बाद पाटा चलाकर बेड में डाल देंगे तो यह अगले एक फसल के लिए पर्याप्त खाद तैयार हो जायेगा।

ज्यादा प्रभावशाली कम्पोस्ट

अब यदि आप इससे भी ज्यादा प्रभावशाली कम्पोस्ट बनाना चाहते हैं तो आपको करना क्या होगा कि ताजे गोबर में कुछ सूखे पत्ते भी मिलाने होंगे। सूखे पत्तों को मिलाने के पहले यदि कुट्टी मशीन या गड़ासे से सभी पत्तों को छोटे-छोटे टुकड़े में काट लें तो अच्छा रहेगा। इससे उत्तम होगा यदि आप इसकी चटनी पीसकर गोबर में मिला दें। पत्ते किसी भी वृक्ष के हो सकते हैं। लेकिन, बांस के पत्ते हों तो ज्यादा अच्छा होगा क्योंकि उनमें सेल्यूलोज की मात्रा काफी ज्यादा होती है और इस कारण यह उर्वरक को ज्यादा शक्तिशाली बनाता है। लेकिन, ऐसे पत्ते जिन्हें गौमाताएं बिलकुल नहीं खाती हैं या सूंघकर छोड़ देती हैं, जैसे नीम, बेलपत्र, आक व अकवन, घतूरा, भांग, कनेर, पुटुस, बेशरम, कांग्रेस घास या कोई भी ऐसा जहरीला घास जिसे जानवर नहीं खाते हैं या उनको सूंघकर छोड़ देते हैं, उन सभी को सुखाकर मिक्सी मशीन में कूटकर गोबर में मिलाएं तो जमीन में किसी प्रकार के फंगस या शत्रु कीटाणुओं के प्रकोप से स्वाभाविक सुरक्षा हो जायेगी।

सूखे पत्तों के अतिरिक्त आप रॉक फास्फेट पत्थर का चूरा भी मिला सकते हैं। भिगोकर सुखाया हुआ कली चूना भी मिला सकते हैं। लकड़ी या उपले की राख भी मिला सकते हैं। लेकिन, ध्यान रहे कि इनमें से कोई भी चीज गोबर की कुल मात्रा का 10 प्रतिशत से ज्यादा न हो। इन चीजों को मिलाकर पुनः कम्पोस्ट बनाने की पूर्व में बताई प्रक्रिया कर सकते हैं । लेकिन, यह ध्यान रहे कि चूँकि आपने इसमें गोबर के अतिरिक्त कई अन्य चीजें मिलाई हैं, अतः शुष्क मौसम में यानि साल में लगभग पांच महीने इसको तैयार होने में लगभग दो महीने का समय और नम मौसम में जो मैंने साल के सात महीने बताये हैं, लगभग तीन महीने लगेंगे लेकिन यह कम्पोस्ट ज्यादा शक्तिशाली होगा।

जैविक कीटनाशक

जैविक कीटनाशक बनाने का तरीका एकदम सरल है। आपको इसके लिए बस साफ गौमूत्र चाहिए। कई बार किसान भाई कहते हैं कि साफ गौमूत्र इकट्ठा करना बहुत ही मुश्किल काम है। यदि साफ गौमूत्र इकट्ठा करने की व्यवस्था अपने गौशाला में नहीं की हो तो एक उपाय है, जो थोड़ा कठिन है। सुबह के लगभग चार बजे गौमाता जब उठकर खड़ी होती है तो सबसे पहले वह मूत्र का विसर्जन करेगी। उसी समय आप उसके पीछे कोई बड़ी बाल्टी लगा दें तो साफ गौमूत्र इकट्ठा हो जायेगा। यदि आप यह कार्य प्रतिदिन करेंगे तो फिर तो वह बाल्टी देखते ही खड़ी हो जायेगी। गौमाता को ज्ञान हो जायेगा कि मेरा गौसेवक मूत्र इकट्ठा करने के लिए तैयार है। वह तुरंत खड़ी होकर गौमूत्र विसर्जित कर देगी।

अब एक लोहे की बड़ी कडाही में उसकी क्षमता चाहे कुछ भी हो 20 लीटर, 50 लीटर, 100 लीटर, आप उसमें साफ गौमूत्र डालकर नीचे से लकड़ी या उपले की आग को लगाकर उबालें। जब गौमूत्र उबलने लगे तो ऐसी हर प्रकार की पत्तियों को जिसको गौ माताएं नहीं खाती हैं या सूंघकर छोड़ देती हैं उसको इकट्ठा करके कड़ाही में जितना गौमूत्र है उसका 5 प्रतिशत यानि 100 लीटर गौमूत्र है तो नीम की पत्तियां 5 प्रतिशत, बेलपत्र 5 प्रतिशत, धतूरा 5 प्रतिशत, अकवन 5 प्रतिशत, इसी प्रकार सभी पत्ते 5 प्रतिशत यानी पांच-पांच किलो को अच्छी तरह काटकर या हो सके तो चटनी बनाकर खौलते हुए गौमूत्र में मिला दें और धीमी-धीमी आंच में छह से आठ घंटे तक पकायें। जब यह सही तरह से पककर ठंडा हो जाये तो साफ पतले कपड़े से दूसरे दिन सुबह अच्छी तरह छान लें।

आपका कीटनाशक तैयार हो गया। अब 15 लीटर की टंकी में डेढ़ से दो लीटर कीटनाशक और बाकी पानी डालकर इसका सप्ताह में एक से दो बार किसी भी फसल में छिड़काव करें तो फसल की विशेष सुरक्षा होगी। लेकिन, यह ध्यान देना जरूरी है कि किसी भी फसल या सब्जी में फूल आ रहे हों तो उसपर इसका सीधा छिड़काव नहीं करें। बल्कि जड़ों के आसपास में छिड़काव करें। जब फल मटर के दाने के बराबर हो जायें या किसी फसल में बालियां पकड़ ले, तो आप फिर से इसके ऊपर सीधा छिड़काव भी कर सकते हैं। सामान्यतः इससे फसल की कीटों से सुरक्षा हो जायेगी। इस विधि को डॉ. सुभाष पालेकर दसपर्णी विधि कहते हैं यानि 10 तरह के पत्ते जो विषैले हों जिन्हें गौमाताएं नहीं खाती हों उसे पकाकर कीटनाशक तैयार करना। लेकिन, आप ऐसे विषैले पत्ते 10 से ज्यादा 15 या 20 प्रकार का भी इकट्ठा करें तो कोई हर्ज नहीं है। पत्ते ज्यादा होंगे उतना शक्तिशाली यह कीटनाशक बनेगा।

रस चूसक और फल छेदक कीट

कुछ ऐसी इल्लियां होती हैं जो पत्तों पर अंडे दे देती हैं और ये अंडे रस चूसक या फल छेदक कीटों में तब्दील हो जाते हैं जो पत्तों में छेदकर उसमें घुस जाते हैं और उसके सारे रस चूस लेते हैं।

# राजनीति में हो रही है दलबदुओ की बल्ले बल्ले!

विधानसभा चुनाव 14 फरवरी को उत्तराखंड में होने है ,लेकिन यहां अभी तक भी दलबदल का खेल जारी है।कांग्रेस नेत्री बृजरानी ने टिकट न मिलने पर कांग्रेस को अलविदा कह दिया तो भाजपा के भी कई बड़े नेता कांग्रेसी बन गए। नामांकन की आखिरी तारीख से पहले भाजपा को किशोर उपाध्याय के रुप में एक बड़ा चेहरा मिल गया है। किशोर उपाध्याय के भाजपा ज्वाइन करते ही टिहरी के विधायक धन सिंह नेगी ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। धन सिंह नेगी ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से मिलकर कांग्रेस की सदस्यता ली और कांग्रेस का टिहरी से टिकट भी प्राप्त कर लिया।टिहरी के इन दोनों नेताओं के दलबदल के बाद साफ हो गया है कि टिहरी में किशोर उपाध्याय और धन सिंह नेगी के बीच फिर से मुकाबला होगा। करीब 40 वर्षों तक कांग्रेस के साथ रहे किशोर उपाध्याय अचानक ही भाजपा में शामिल नहीं हुए। किशोर उपाध्याय सन 2017 के विधानसभा चुनाव से ही कांग्रेस पार्टी में खुद को असहज महसूस कर रहे थे, किशोर उपाध्याय ने बतौर कांग्रेस अध्यक्ष कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया था। किसी समय हरीश रावत के सबसे करीबी रहे किशोर उपाध्याय सन 2017 के चुनाव के बाद से हरीश रावत से दूर हो गए थे। किशोर उपाध्याय ने वनाधिकार आंदोलन के तहत प्रदेश के जल, जंगल, जमीन के लिए लड़ाई लड़नी शुरू की। इसके लिए उन्होंने पार्टी फोरम से बाहर आकर भी दूसरे दलों के नेताओं से संवाद स्थापित किया। उन्होंने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से भी मिलकर उनसे वनाधिकार को लेकर समर्थन मांगा। इसके बाद वे भाजपा के नेताओं के संपर्क में आए। करीब एक माह से चल रहा लुकाछुपी का खेल आखिर खत्म हो गया और किशोर उपाध्याय ने भाजपा की सदस्यता ले ली। किशोर उपाध्याय के भाजपा ज्वाइन करने से कुछ घंटे पहले ही कांग्रेस ने उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया।1 जून 1958 को ग्राम पाली, जाखणीधार, टिहरी गढ़वाल में जन्में किशोर उपाध्याय ने स्नातकोत्तर और पीएचडी की पढ़ाई की है। किशोर उत्तराखंड आंदोलन के समय से ही सक्रिय राजनीति में अहम भूमिका निभा चुके हैं, वे उत्तराखंड संघर्ष समिति के पदाधिकारियों में शामिल रहे। किशोर उपाध्याय गांधी परिवार के सबसे निकटतम नेताओं में शुमार रहे हैं। उत्तराखंड बनने के बाद 2002 में पहली बार टिहरी सीट से विधायक चुने गए और एनडी तिवारी सरकार में औद्योगिक राज्य मंत्री बने। इसके बाद 2007 में वे लगातार दूसरी बार टिहरी से विधायक चुने गए। लेकिन 2012 के विधानसभा चुनाव में टिहरी सीट पर निर्दलीय दिनेश धनै से 377 मामूली मतों से चुनाव हार गए। इसके बाद 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें देहरादून जिले की सहसपुर सीट से चुनाव लड़ाया गया, लेकिन वे भाजपा के सहदेव पुंडीर से हार गए। इस हार पर किशोर ने कहा कि उनके खिलाफ षडयंत्र रचा गया। तब से वे कांग्रेस पार्टी में हाशिए पर चले गए। सन 2014 से सन 2017 तक किशोर उपाध्याय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे। प्रदेश अध्यक्ष रहते किशोर हरीश रावत और प्रीतम सिंह के भी काफी करीबी माने जाते थे। लेकिन दिनेश धनै के कैबिनेट मंत्री बनने के बाद से ही वे पार्टी से नाराज होते गए। इसके बाद सहसपुर से चुनाव हारना उनकी नाराजगी का सबसे बड़ा कारण रहा। किशोर का टिहरी और उत्तरकाशी जिले की सीटों पर अच्छा खासा प्रभाव रहा है। ऐसे में किशोर भाजपा के लिए बड़ा ब्राह्मण चेहरा साबित हो सकते हैं। साथ ही किशोर उपाध्याय टिहरी सीट से भाजपा के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।दूसरी ओर भाजपा से निष्कासित डॉ हरक सिंह रावत कहते है कि कोरोना का यमराज अगर कहे कि बीजेपी से बात कर लो..तो कहूंगा मौत दे दो।इन्ही हरक सिंह रावत ने पांच साल पहले कांग्रेस की सरकार गिराकर कमल का दामन थामा था। हरक सिंह रावत के आंसुओं से बीजेपी का दिल तो नहीं पसीजा लेकिन कांग्रेस ने जरूर उन्हें गले लगा लिया है।

उत्तराखंड मंत्रिमंडल से बर्खास्त किए जाने के बाद हरक सिंह रावत कैमरे पर फफक-फफक कर रो पड़े थे, हरक को बीजेपी ने पार्टी से निकाल कर 6 साल के लिए बर्खास्त कर दिया। वे अपने परिवार और अन्य लोगों के लिए पार्टी पर टिकट का दवाब बना रहे थे।दल बदल रोकने को देश में कई बार कानून बने व कई बार कानून बदले गए, लेकिन दल बदलने वाले कभी नहीं रुके। दल बदलने के कारण कई होते हैं जिनमें सबसे ज्यादा दल बदलुओं का कारण परिवार वाद होता है। भाई, भतीजा, बेटा, बहू, पत्नी को टिकट ना मिले तो परिवार के लिए पार्टी, पार्टी के विचार, सबको खतरे में डाल दिया जाता है।उत्तराखंड में बीजेपी के मंत्री हरक सिंह रावत, उत्तर प्रदेश में बीजेपी के मंत्री रहे स्वामी प्रसाद मौर्य, उत्तर प्रदेश में ही बीजेपी संगठन के उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह, पंजाब में मुख्यमंत्री चन्नी के भाई मनोहर सिंह, ये वो चेहरे हैं जो चुनाव आने पर घरवालों के टिकट में ऐसे उलझे कि या तो घर जैसी पार्टियां छोड़ दीं या घर के भीतर कलह मच गई।जिस हरक सिंह रावत के कांग्रेस में रहते हुए छह साल पहले हिल जाने से हरीश रावत की सरकार हिल गई थी वही हरक सिंह रावत अब बीजेपी में मंत्री रहते हुए हिल गए । हरक सिंह को उनकी पार्टी ने छह साल के लिए एक झटके में निष्कासित कर दिया ।

हरक सिंह रावत को लेकर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा, वह अपने परिवार के सदस्यों के लिए टिकट को लेकर पार्टी पर दबाव डाल रहे थे लेकिन हमारी एक अलग नीति है, एक परिवार के केवल एक सदस्य को चुनाव के लिए पार्टी का टिकट दिया जाएगा।

हरक सिंह रावत अब लौटकर उसी कांग्रेस में आ गए हैं जिसके हाथ को छह साल पहले नौ विधायकों के साथ दल बदलकर कमजोर किया था।अब सवाल उठता है कि वो एक बार फिर बीजेपी से कांग्रेस में क्यों गए हैं ?चुनाव नजदीक आने पर दल बदलने की कुप्रथा हमारे देश में लंबे अरसे से चली आ रही है। दल बदल कर सिर्फ नेता, विधायक या सांसद ही नहीं बनते बल्कि दल बदलकर राजनेता प्रधानमंत्री तक बने हैं।

देश में 1957 से 1967 तक की अवधि में करीब 542 बार सांसद-विधायकों ने अपने दल बदले थे।सन 1967 में चौथे आम चुनाव के पहले वर्ष में भारत में 430 बार सासंद- विधायक ने दल बदलने का रिकॉर्ड बनाया।सन

1967 के बाद एक और रिकॉर्ड बना, जिसमें दल बदलुओं के कारण 16 महीने के भीतर 16 राज्यों की सरकारें गिर गई थी। उसी दौर में हरियाणा के विधायक गयालाल ने 15 दिन में ही तीन बार दल-बदल के हरियाणा की राजनीति में एक नया रिकॉर्ड बनाया था। जिसके बाद कहावत बनी आया राम-गया राम की।सन 1998-99 में गोवा दल-बदल और बदलती सरकारों के कारण सुर्खियों में रहा था, जब 17 महीने में गोवा में पांच मुख्यमंत्री बदल गए थे। वैसे दल बदलना हमेशा सबके लिए फायदे का सौदा नहीं होता। दल बदलने में नेताओं को दिमाग भी लगाना पड़ता है।

दल बदलने वाले कैसे अपने फायदे के लिए जनता का मजाक उड़ाते हैं उसके भी कई सबूत हैं। राजस्थान सरकार में राज्य मंत्री राजेंद्र गूढ़ा ने कहा था कि मैं चुनाव बसपा से जीतता हूं...फिर मैं कांग्रेस में जाकर मंत्री बन जाता हूं...जब कांग्रेस में दरी उठाने का वक्त आता है तो कहता है कि भाई कांग्रेस अब तुम संभालो...फिर दोबारा चुनाव में बहन जी से टिकट ले आया। बसपा से कांग्रेस में आ गया, मंत्री बन गया। मेरे खेल में कोई कमी है क्या।राजस्थान में मंत्री राजेंद्र गूढ़ा दल बदलकर ही हर बार खेल करते आ रहे हैं।उत्तर प्रदेश में सन 2017 में 14.6 प्रतिशत दल बदलने वाले ही चुनाव जीत पाए।सन 2012 में 8.4 फीसदी दल बदलू चुनाव जीत पाए थे। सन 2007 में 14.4 प्रतिशत दल बदलने वालों ने विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। सन 2002 में भी इतने ही नेता दल बदलने के बावजूद जीत हासिल करने में कामयाब रहे थे।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं, दिल्ली.... से मुद्रित एवं, ब्लॉक नं. 23 मकान नं. 399 त्रिलोकपुरी दिल्ली....91
से प्रकाशित संपादक -प्रवीण कुमार सिंह टेलीफोन नं. 011.22786172 फैक्स नं. 011.22786172
RNI NO. DELHIN38334, E-mail:gauravashalibharat@gmail.com इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के पीआरबी एट के तहत

## सार समाचार

### सीएम चन्नी के हेलीकॉप्टर को नहीं मिली उड़ान भरने की इजाजत तो केंद्र सरकार पर बरसे सुनील जाखड़,

जालंधर। पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। इसी बीच मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने की इजाजत नहीं मिली। जिसकी वजह से मुख्यमंत्री चन्नी होशियारपुर में होने वाले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की रैली में शामिल नहीं हो पाए। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे की वजह से प्रदेश में नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया। समाचार एजेंसी के मुताबिक मुख्यमंत्री चन्नी ने कहा कि मैं सुबह 11 बजे ऊना में था। तभी अचानक (होशियारपुर के लिए) उड़ान भरने की अनुमति प्रधानमंत्री मोदी के मूवमेंट के कारण अस्वीकार कर दी गई और नो-फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया। मैं होशियारपुर में राहुल गांधी की रैली में शामिल नहीं हो पाया। मुझे उतरने की इजाजत थी। इस मामले को लेकर पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चन्नी को होशियारपुर आना था लेकिन केंद्र सरकार की वजह से चन्नी का कार्यक्रम रद्द हो गया। ऐसे में अगर चुनाव आयोग ने इसका संज्ञान नहीं लिया तो मैं समझ जाऊंगा कि यह चुनाव स्वांग मात्र है।

### कुरान महिला और पुरुष दोनों के लिए सभ्य पहनावे की करता है वकालत

नई दिल्ली ।कर्नाटक के एक शिक्षण संस्थान से शुरू हुआ हिजाब विवाद पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया है। इस मामले में संस्कृति बचाने से लेकर राजनीतिक बयान, धर्म की भूमिका और लैंगिक समानता तक के पहलू सामने आ रहे हैं। इस संबंध में कई सवाल आए हैं। क्या समानता के नाम पर भारत में अल्पसंख्यकों को दबाया जा रहा है? क्या हिजाब के मामले में एक मुकम्मल लड़ाई की जरूरत है, जहां युवतियां एक तरफ कुछ मौलवियों के निदेर्शों पर और दूसरी ओर पुरुष प्रधान समाज के इशारों पर चलने को मजबूर हैं सवाल इसलिए भी अहम हैं, क्योंकि विकास और शिक्षा का मूलभूत प्रश्न दांव पर लगा है, लेकिन इससे बेपरवाह लोग विवाद को तूल देने पर लगे हुए हैं। इसी तरह यह भी सवाल है कि क्या लोकतांत्रिक व्यवस्था में संवैधानिक तौर पर नैतिकता के नाम पर महिलाओं से उनका पहनावा चुनने का अधिकार छीना जा सकता है? दूसरी ओर, सवाल यह भी है कि क्या पुरुषों के धार्मिक चिह्न जैसे सिख की पगड़ी, मुस्लिम की टोपी, हिंदू के तिलक और ईसाई के क्रास को भी इस दायरे में लाना चाहिए? यदि शिक्षण संस्थानों में पुरुषों के इन प्रतीकों पर रोक नहीं है, तो महिलाओं के मामले में ऐसा क्यों होना चाहिए हिजाब को लेकर एक धारणा है कि इसकी शुरूआत इस्लाम से हुई है। ऐसा नहीं है। प्राचीन मेसोपोटामिया और ग्रीक सभ्यताओं में संभ्रांत परिवारों की महिलाएं हिजाब पहनती थीं और यह उनके ऊंचे ओहदे का प्रतीक होता था। मेसोपोटामिया में विधिवत व्यवस्था थी कि कौन सी महिलाएं हिजाब पहन सकती हैं और कौन नहीं। स्पष्ट है कि इस्लाम के प्रादुर्भाव से पहले से ही हिजाब प्रचलन में था। इसी तरह बुरका, निकाब, अबाया जैसे शब्द कुरान में कहीं नहीं हैं। हिजाब शब्द भी कुरान में सात बार आया है, लेकिन उसका अर्थ इस पहनावे से संबंधित नहीं है। इस शब्द के कई अर्थ हैं, लेकिन उनमें से कोई भी महिलाओं के परिधान से जुड़ा नहीं है। पैगंबर मुहम्मद पहनावे में लज्जा की बात करते थे, लेकिन महिलाओं के लिए ऐसे कपड़ों की अनिवार्यता पूरी तरह से उनके द्वारा किए गए सुधारों की मूल भावना के विपरीत है। दुर्भाग्य से मुस्लिम विद्वानों ने हिजाब और महिलाओं को लेकर स्पष्ट संदेश देने के मामले में अनदेखी की है। दुनियाभर में इसे लेकर अलग-अलग व्यवस्थाएं देखने को मिलती हैं। इस्लामिक देश भी इसे लेकर बहुत सख्त नहीं दिखता हैं। अजरबैजान, ट्यूनीशिया और तुर्की जैसे कई मुस्लिम देशों ने स्कूलों, विश्वविद्यालयों और सरकारी भवनों में हिजाब को प्रतिबंधित किया हुआ है। वहीं कट्टर इस्लामिक देश ईरान और अफगानिस्तान में हिजाब अनिवार्य है। कुछ देशों में अनिवार्य नहीं है, लेकिन महिलाएं इसका प्रयोग करती हैं। देखना है कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यहां इस संबंध में क्या प्रविधान होते हैं

### 'खाकी हाफ पैंट में अश्लील लगते हैं नितिन गडकरी', कांग्रेस नेता का बयान

अगरतला। कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय कुमार ने रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर कटाक्ष किया और कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जब खाकी हाफ पैंट पहनते हैं तो यह अश्लील लगता है। त्रिपुरा के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के पर्यवेक्षक कुमार ने कहा कि यह अजीब लगता है जब आरएसएस के 'बूढ़े और मोटे' नेता हाफ पैंट पहनते हैं। कुमार ने यहां कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं कोई हल्के-फुल्के अंदाज में नहीं कह रहा...खाकी हाफ पैंट पहने नितिन गडकरी की एक पुरानी तस्वीर को देखें, यह अश्लील लगता है। जब आप खाकी हाफ पैंट में आरएसएस के बूढ़े और मोटे लोगों को देखते हैं तो यह अजीब लगता है।' कुमार ने कहा, 'हमें नितिन गडकरी को खाकी हाफ पैंट न पहनने के लिए आग्रह नहीं करना चाहिए, लेकिन यह निश्चित रूप से उन्हें शोभा नहीं देता।' कांग्रेस नेता ने आरएसएस की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि देश में सभी को जीवन साथी चुनने से लेकर कपड़े और खान-पान तक की आजादी होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ह्यह्यकोई भी त्रिपुरा में गुजराती संस्कृति और गुजरात में त्रिपुरा की खाने की आदतों को थोप नहीं सकता।

### भारत सरकार ने 54 चीनी ऐप्स को किया बैन, प्राइवेसी के लिए था बड़ा खतरा

नई दिल्ली। भारत सरकार ने सोमवार को 54 चीनी एप्स पर बैन लगा दिए है। यह प्रतिबंध सुरक्षा को देखते हुए लगाए गए हैं। बता दें कि, इससे पहले भी कई ऐप्स पर बैन लगाए गए थे लेकिन इस बार क्लोन के रूप में एक बार फिर नए एप्स दिखाई दिए गए हैं।



सरकार सुरक्षा के लिहाज से इस तरह के प्रतिबंध लगाती रहती है और साल 2022 के बाद से अब तक भारत ने 270 से भी ज्यादा एप्स पर बैन लगा दिया है। इससे पहले गृह मंत्रालय ने देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले 54 चीनी मोबाइल एप्लिकेशन पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी।

**कौन-कौन से है यह ऐप**

सूत्रों ने बताया कि जिन एप के खिलाफ प्रतिकूल सुरक्षा इनपुट प्राप्त हुए थे, उनमें स्वीट सेल्फी एचडी, ब्यूटी कैमरा, म्यूजिक प्लेयर, म्यूजिक प्लस, वॉल्यूम बूस्टर, वीडियो प्लेयर मीडिया ऑल फॉर्मेट्स, वीवा वीडियो एडिटर, नाइस वीडियो बाइदू, एपलॉक और एस्ट्राक्राफ्ट सहित अन्य शामिल हैं। भारत में यह चीनी एप के खिलाफ दूसरी बड़ी कार्रवाई होगी। जून 2021 में सरकार ने 59 चीनी एप को देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा के खिलाफ बताते हुए उन पर प्रतिबंध लगा दिया था। इनमें लोकप्रिय वीडियो वीडियो शेयरिंग एप टिकटॉक, यूसी ब्राउजर, वीचैट और बिगो लाइव प्रमुख थे। दोनों कदम लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत और चीन के बीच चल रहे गतिरोध की पृष्ठभूमि में उठाए गए थे। दोनों देशों की सेनाओं के बीच अप्रैल 2020 से गतिरोध चल रहा है। भारत लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश तक चीन के साथ 3,400 किलोमीटर लंबी एलएसी साझा करता है।

# व्यवस्था संविधान के अनुसार चलेगी, शरीयत के हिसाब से नहीं, कर्नाटक हिजाब विवाद पर योगी आदित्यनाथ का बयान

**बाराबंकी (एजेंसी)**

पूरे देश में हिजाब को लेकर बवाल मचा हुआ है। कर्नाटक के एक स्कूल से शुरू हुआ यह हंगामा सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया। देशभर में इस मुद्दे पर बात हो रही हैं। कर्नाटक हिजाब पंक्ति पर बोलते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी उन्होंने कहा कि देश में व्यवस्था भारत के संविधान पर चलनी चाहिए, न कि शरीयत या इस्लामी कानून पर। योगी आदित्यनाथ ने एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी के उस बयान का भी जवाब दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि 'हिजाब पहने महिला एक दिन पीएम बनेगी'।

**ओवैसी को दिया सीएम योगी ने जवाब**

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमारी (मुस्लिम) बेटियों को मुक्त करने के लिए ट्रिपल तालक कानून को खत्म कर दिया। उन्हें अधिकार और सम्मान देने के लिए वह हकदार है। उस बेटी का सम्मान सुनिश्चित करने के लिए, हम कहते हैं कि यह व्यवस्था भारत के संविधान पर चलेगी। न कि शरीयत पर। योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा 'हम अपनी व्यक्तिगत धार्मिक



मान्यताओं और विकल्पों को देश और इसकी संस्थाओं पर नहीं थोप सकते हैं। क्या मैं यूपी के सभी कर्मचारियों को 'भगवा' पहनने के लिए कह सकता हूं? स्कूलों में ड्रेस कोड लागू होना चाहिए। उन्होंने कहा, जब देश संविधान के अनुसार चलेगा, तो महिलाओं को उनका उचित सम्मान, सुरक्षा और स्वतंत्रता मिलेगी।

सीएम योगी ने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा कि मान लो ऐसी बात आर्मी के जवान करने लगे की वह वर्दी नहीं पहनेंगे फिर क्या होगा। अनुशासन कैसे रहेगा। व्यक्तिगत धार्मिक भावना का सम्मान है। वह कुछ भी कर सकते हैं लेकिन बात जब संस्था की होगी तो नियम मामले ही होंगे।

यूपी सीएम ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया गजवा-ए-हिंद का सपना देखने वालों के लिए, यह पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत है। नया भारत सभी के विकास के लिए है, लेकिन किसी का तुष्टिकरण नहीं है। यह संविधान के अनुसार चलेगा, शरीयत नहीं। गजवा-ए -हिंद का सपना कयामत के दिन तक साकार नहीं होगा (गजवा-ए-हिंद का सपना अंत तक साकार नहीं होगा)।

**असदुद्दीन ओवैसी ने कहा था हिजाब वाली लड़की बनेगी पीएम**

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा था कि हिजाब पहनने वाली लड़की एक दिन भारत की प्रधानमंत्री होगी। उन्होंने कहा, ₹मैं इसे देखने के लिए शायद जीवित न रहूं, लेकिन मेरे शब्दों पर ध्यान दें, एक दिन हिजाब पहनने वाली लड़की प्रधान मंत्री होगी।₹

कर्नाटक उच्च न्यायालय आज दोपहर 2:30 बजे हिजाब मामले की सुनवाई फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। सुप्रीम कोर्ट ने पहले मामले में तत्काल सुनवाई करने से इनकार करते हुए कहा था कि एचसी को पहले मामले की सुनवाई करनी चाहिए।

## लता मंगेशकर की अस्थियां अरब सागर में भी की गईं प्रवाहित, परिवार और प्रशंसकों ने दी श्रद्धांजलि

मुंबई । भारत की महान गायिका और स्वर कोकिला लता मंगेशकर के जाने से लोगों के बीच अब तक मायूसी छाई हुई है। वहीं, गुरुवार को लता मंगेशकर की अस्थियों को नासिक के रामकुंड में विसर्जित की गई थी। नासिक के बाद उनकी अस्थियों को मुंबई में भी विसर्जित की गई। लता मंगेशकर के भाई हृदयनाथ, उनकी भतीजी रचना और भतीजे आदिनाथ ने लता मंगेशकर की अस्थियों को अरब सागर में भी प्रवाहित किया। तीनों के साथ कुछ और परिवार के सदस्य भी इस दौरान मौजूद थे। रविवार को लता मंगेशकर के परिवार के सभी सदस्य नाव पर सवार होकर अस्थियों को पूरे विधी विधान के साथ अरब सागर में प्रवाहित कीं। एक खबर के अनुसार लता मंगेशकर को मुंबई से बेहद प्यार था। इसलिए उनके परिवार को महसूस हुआ कि उनकी अस्थियों को मुंबई में विसर्जित किया जाना चाहिए। 6 फरवरी जिस दिन लता मंगेशकर की मृत्यु हुई थी उस दिन ही फैसला ले लिया गया था। हिंदुस्तान की सुरीली आवाज की दुनिया को वीरान कर गईं लता मंगेशकर के निधन के बाद से ही उनके चाहने वाले दुखी हैं। लता जी को लोग सरस्वती मां की अवाज मानते थे और सरस्वती पूजा के अगले ही दिन लता जी सरस्वती में ही विलीन हो गईं। लता दी का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ मुंबई के शिवाजी पार्क में किया गया था। जो लोग वहां नहीं पहुंच पाएं वो लोग अपने टीवी सेट से चिपके रहे और स्वर कोकिला को दूर से ही श्रद्धांजलि दी। लता मंगेशकर के परिवार ने अस्थियां को एकत्र कर 3 कलश में पूरे विधि-विधान के साथ रखा था। रामकुंड में अस्थि विसर्जन के मौके पर उनके भाई हृदयनाथ मंगेशकर और फैमिली के दूसरे लोग मौजूद रहे। गुरुवार को लता जी का अस्थि विसर्जन रामकुंड में करने के बाद काशी-हरिद्वार में भी किया जाएगा।

# गोवा में तृणमूल कांग्रेस हिंदू वोटों को बांटने के लिए चुनाव लड़ रही है: प्रधानमंत्री मोदी

**अकबरपुर (कानपुर देहात) (एजेंसी)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस गोवा में हिंदू वोटों को बांटने के लिए चुनाव लड़ रही है। प्रधानमंत्री ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, गोवा में चुनाव चल रहा है, मैं सभी मतदाताओं को एक बात बताना चाहता हूं कि मैंने कल गोवा के एक अखबार में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक नेता का साक्षात्कार देखा और तृणमूल नेता ने जो कहा उस पर चुनाव आयोग और मतदाताओं को गौर करना चाहिए।'

प्रधानमंत्री के अनुसार, तृणमूल नेता ने कहा, 'हमने तो इस पार्टी से इसलिए गठबंधन किया है क्योंकि हम गोवा में हिंदू वोटों को बांटना चाहते हैं।' मोदी ने कहा, 'यह हिम्मत.... , क्या यह लोकतंत्र है कि आप खुले आम कहें कि आप हिन्दू वोटों को बांटना चाहते हैं....



, तो आप किसके वोट इकठ्ठा करना चाहते हैं? यह भेदभाव, क्या यह लोकतंत्र की हैं ? मैं गोवा के मतदाताओं से कहना चाहता हूं कि यह मौका है इस प्रकार की राजनीति को दफना देने का। अपने संबोधन में मोदी ने समाजवादी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि अपने शासन के दौरान सपा ने लूट के उद्देश्य से परिवार के सदस्यों को क्षेत्र वितरित किए थे।

प्रधानमंत्री ने लोगों से प्रश्न किया कि क्या वे चाहते हैं कि सपा को वोट देकर हर जिले में माफिया गंज बनाएं? मोदी ने तीन तलाक रोकने संबंधी कानून पर कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार इसने उत्तर प्रदेश में हजारों मुस्लिम बेटियों की जान बचाई है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले पांच वर्षों में राज्य में गरीबों के लिए 34 लाख घर बनाए गए हैं, जिनमें से 13 लाख घर दलितों के लिए हैं। मोदी ने कहा कि इस बार रंगों की होली दस दिन पहले, दस मार्च (मतगणना वाले दिन) को हो जाएगी। मोदी ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का जिक्र करते हुए कहा 'राष्ट्रपति जी चूंकि कानपुर देहात के हैं इसलिए वह क्षेत्र को बहुत याद करते हैं।' जनसभा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी संबोधित किया।

## पुलवामा आतंकी हमले को तीन साल पूरे 40 शहीदों की कुबार्नी याद कर रहा देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

पुलमामा आतंकी हमले को तीन साल हो गए हैं। आज के ही दिन आतंकियों ने अपनी नापाक साजिश को अंजाम दिया था जिसमें 40 सीआरपीएफ जवानों की जान चली गई थी। पुलवामा अटैक की बरसी पर न केवल सेना ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी बल्कि पूरे देश ने अलग-अलग अंदाज में उन्हें याद किया। बता दें कि 14 फरवरी 2019 को जैश के आतंकियों ने विस्फोटक से भरी गाड़ी जवानों के वाहन से टकरा दी थी। विस्फोट के बाद 40 जवान शहीद हो गए थे। सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा राजनेताओं ने भी जवानों को याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस कुबार्नी को सम्मान देते हुए ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, 'उनकी बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान हर देशवासी को देश की सेवा करने की सीख देता है।' उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलवामा हमले में बलिदान हुए मां भारती के अमर वीर जवानों को शत शत नमन। आप सबका बलिदान समाज पर ऋण है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने पुलवामा हमले को याद करते हुए कहा कि हमारे जवान शोक से ज्यादा के हकदार हैं। यह भी पता चलना चाहिए कि गलती कहां हुई। इस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार कौन था। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि ऐसा फिर कभी न हो। अगर ऐसा होता है तभी उन जवानों को सच्ची श्रद्धांजलि मिलेगी।

## तेलंगाना के सीएम केसीआर ने सर्जिकल स्ट्राइक पर सरकार से मांगे सबूत, भाजपा ने कहा- पाकिस्तान से पूछिए



**नई दिल्ली (एजेंसी)**

2019 में पाकिस्तान में भारत द्वारा किए गए सर्जिकल स्ट्राइक एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया है। दरअसल, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने भारत सरकार से सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर सबूत मांग दिए हैं। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब विपक्ष की ओर से सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर सवाल उठाए गए हैं। इससे पहले भी कई विपक्षी नेता समय-समय पर सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाते रहे हैं। चंद्रशेखर राव ने अपने बयान में कहा कि मैं आज भी सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांग रहा हूं। सरकार को सर्जिकल स्ट्राइक से जुड़े सबूत पेश करने चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठा प्रचार करती है। चंद्रशेखर राव ने कहा कि देश के जवान सीमा पर लड़ रहे हैं। वहां जो मर रहा है, वह देश का जवान है। उन्हें इसका श्रेय देना चाहिए। लेकिन भाजपा राजनीतिक रूप से सर्जिकल स्ट्राइक का उपयोग करती है। आपको बता दें कि हाल में ही असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने राहुल गांधी पर आरोप लगाया था कि उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगा था। इसी का समर्थन करते हुए के चंद्रशेखर राव ने भी सबूत मांगे हैं। वह भाजपा पर लगातार दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगा रहे हैं। इसके साथ ही के चंद्रशेखर राव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे लोकतंत्र में एक सम्राट नहीं है, आप एक राजा नहीं है। हालांकि अब भाजपा की ओर से भी के चंद्रशेखर राव पर जबरदस्त तरीके से पलटवार किया गया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, जी किशन रेड्डी और अनुराग ठाकुर ने के चंद्रशेखर राव पर पलटवार किया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि तेलंगाना सीएम की बौखलाहट और घबराहट नजर आती है, हुजुराबाद में हुई सर्जिकल स्ट्राइक के बाद हुजूर के बोल बिगड़े नजर आते हैं। अभी तो एक चुनाव हारे हैं और उसके बाद ये हालत है, इससे साफ दिखाई देता है कि तेलंगाना में केसीआर और टीआरएस की जमीन खिसक रही है। उन्होंने कहा कि यूपी चुनाव के समय इन सबको सर्जिकल स्ट्राइक याद आ रही है, पाकिस्तान, कांग्रेस और अब टीआरएस के बोल एक जैसे सुनाई देते हैं। जब-जब चुनाव आता है तब नए प्रयोग करते हैं, कोई हिजाब और कोई सर्जिकल स्ट्राइक का प्रयोग करता है क्योंकि विकास के मुद्दे पर ये बीजेपी का मुकाबला नहीं कर सकते।

## किसानों से एक साल तक ढट मोदी ने नहीं की बात, राहुल बोले- गलती मानने के बाद भी नहीं दिया मुआवजा




**होशियारपुर। (एजेंसी)**

पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक घमासान मचा हुआ है। इसी बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को होशियारपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पंजाब का चुनाव कोई मामुली चुनाव नहीं है बल्कि इसमें आपको नई सरकार चुननी है। हमने कुछ वक्त पहले आपको एक नया मुख्यमंत्री दिया।

उन्होंने कहा कि चरणजीत सिंह चन्नी गरीब घर के बेटे हैं और वो गरीबी को गहराई से समझते हैं। चन्नी जब सरकार चलाएंगे तो अरबपतियों की नहीं बल्कि गरीबों की, छोटे व्यापारियों इत्यादि की सरकार चलाएंगे। देश के हर एक प्रदेश में बेरोजगारी फैल रही है। क्योंकि नरेंद्र मोदी सरकार ने छोटे व्यापारियों, किसानों पर आक्रमण किया। यह आक्रमण उस वक्त शुरू हुआ जब नरेंद्र मोदी जी ने नोटबंदी का ऐलान किया था।

कांग्रेस नेता ने कहा कि नोटबंदी के दौरान लगी लंबी कतारों में किसी ने अरबपतियों को देखा। उसमें छोटे व्यापारी, किसान, दुकानदार और आम लोग दिखाई दिए। सरकार ने छोटे व्यापारियों, दुकानदारों इत्यादि की जेब से पैसे निकालकर अरबपतियों की जेब में डाल दिया। प्रधानमंत्री कहते थे 15 लाख रुपए सभी के अकाउंट में डालूंगा ? 2 करोड़ युवाओं को रोजगार दूंगा, किसी को रोजगार मिल गया? आज नरेंद्र मोदी अपने भाषण में रोजगार की बात क्यों नहीं करते हैं?

राहुल गांधी ने कहा कि पंजाब में प्रधानमंत्री की मीटिंग है उसे आप लोग सुनिएगा, उसमें रोजगार, भ्रष्टाचार इसकी बात वो नहीं करेंगे। यहां पर बैठे किसी एक व्यक्ति को जीएसटी से फायदा हुआ। नहीं हुआ। फायदा सिर्फ 2-3 अरबपतियों को हुआ। इसके बाद नरेंद्र मोदी जी ने काला कानून लाया। जिसको लेकर पंजाब के किसान कोरोना के समय ठंड में भूखे एक साल तक खड़े रहे। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ कांग्रेस खड़ी रही। आप सभी ने देखा किसान बिल को लेकर भाजपा और शिअद ने क्या कुछ कहा। एक साल बाद नरेंद्र मोदी जी ने कहा कि गलती हो गई। एक साल के लिए किसानों के बात नहीं की। 700 किसान शहीद हुए, संसद में मैंने 2 मिनट किसानों के लिए मौन रखने की बात कही, वो भी यह नहीं कर पाए। गलती करने के बाद उन्होंने मुआवजा तक नहीं दिया, हमारी सरकार ने दिया।

# भारत ने 36 राफेल के लिए चुकाए 8.7 अरब डॉलर, फ्रांस ने इंडोनेशिया को 8.1 में दिए 42 लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

अभी हाल ही में इंडोनेशिया ने फ्रांस से 42 राफेल विमानों की डील की है। 10 फरवरी 2022 को फ्रांस के रक्षा मंत्री ने इस डील का ऐलान किया है। इंडोनेशिया ने यह विमान डील 8.1 अरब डॉलर की की है। बता दें इससे पहले भारत ने 2016 में 36 विमानों के लिए 8.7 अरब डॉलर में डील की थी। यानी इंडोनेशिया से ज्यादा कीमत पर यह डील की गई है जिस पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

फ्रांसीसी रक्षा मंत्रालय के अफसर ने 10 फरवरी को बताया कि दोनों देशों के बीच समझौते पर दस्तखत किए गए। अगले कुछ माह में पहले फेज के दौरान जकार्ता को 6 राफेल दिए जाएंगे। बाकी के 36 राफेल विमान अगले दौर में दिए जाएंगे। इनका हैंडओवर या तो इस साल के आखिर में किया जाएगा अगले साल की शुरूआत में। इंडोनेशिया ने भी एक बयान में फ्रांस के साथ हुए समझौते पर दस्तखत की पुष्टि की है। यह समझौता भारत के बाद इंडोनेशिया को हिंद प्रशांत क्षेत्र में दसॉल्ट एविएशन द्वारा निर्मित विमान पर भरोसा करने वाला दूसरा देश बना देगा। इस डील के बाद साउथ ईस्ट एशिया क्षेत्र में इंडोनेशिया फ्रांस से हथियार खरीदने वाला सबसे बड़ा देश बन जाएगा। फिलहाल उसका नंबर सिंगापुर के बाद है।

इस लड़ाकू विमान में हवा से जमीन में मार करने वाले स्कैल्प और हैमर मिसाइल के साथ मेटेअर मिसाइलों को पहले से ही शामिल किया जा चुका है। ये मिसाइलें रडार को चकमा देकर बच निकलने की क्षमता रखती हैं। यह विमान अंतिम समय तक टारगेट को भेजने में माहिर बताया जाता है।

आपको बता दें कि पांच राफेल विमानों का पहला जत्था 29 जुलाई 2020 को भारत आया था। इन विमानों को अंबाला में हुए एक कार्यक्रम में आधिकारिक रूप से वायुसेना के बेड़े में शामिल किया गया था। भारत ने 36 लड़ाकू विमान खरीदने के लिए फ्रांस से 2016 में सौदा किया था। आपको बता दें अभी तक भारत को दसॉल्ट से कुल 26 लड़ाकू विमान मिल चुके हैं। बाकी की आपूर्ति 2022 में की जानी है।

फ्रांस विमान निमार्ता कंपनी दसॉल्ट ने भारत को 36 राफेल फाइटर जेट बेचने का सौदा हासिल करने के लिए मिडिलमैन को लगभग 7.5 मिलीयन यूरो ( लगभग 650 मिलियन या 65 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। लेकिन भारतीय एजेंसियां दस्तावेज होने के बावजूद भी इसकी जांच करने में नाकाम रहीं। फ्रांस के पोर्टल **MediaPart** ने अपनी रिपोर्ट में आरोप लगाया तो भारत में भी हंगामा बरपा। रिपोर्ट के मुताबिक बिचौलिए सुशेन गुप्ता को गुप्त रूप से कमीशन का भुगतान किया गया। पोर्टल की रिपोर्ट बताती है कि इन दस्तावेजों के मौजूदगी के बाद भी भारतीय एजेंसियां चुप रहीं। सीबीआई और ईडी के पास 2018 से सबूत मौजूद हैं कि दसॉल्ट जेट की बिक्री के सौदे को हासिल करने के लिए सुशेन गुप्ता को घूस दी गई।

2019 के आम चुनाव से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राफेल विमान खरीद में गड़बड़ी का आरोप लगाकर पीएम मोदी पर जमकर हमला बोला था। राहुल गांधी ने सार्वजनिक मंचों से चौकीदार चोर है तक के नारे लगवाए थे। कांग्रेस इस मामले में जेपीसी जांच की मांग करती रही लेकिन सरकार ने उसकी इस मांग को अनसुना कर दिया। राफेल मामला सुप्रीम कोर्ट में भी पहुंचा लेकिन उस वक्त सीजीआई रहे रंजन गोगोई ने याचिका खारिज कर दी और मामले में सरकार को क्लीन चिट दे दी।





# जैकलीन फर्नांडिस को टक्कर देती नजर आईं अवनीत कौर

## टोनी-नेहा कक्कड़ के 'मुड़ मुड़ के' पर लचकाई कमर


जैकलीन फर्नांडिस का नया गाना मुड़ मुड़ के न देख इन दिनों सोशल मीडिया पर भी खूब धमाल मचा रहा है। नेहा कक्कड़ और टोनी कक्कड़ के लेटेस्ट ट्रैक पर जैकलीन फर्नांडिस का डांस मूव्स लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। अब जैकलीन के इस गाने पर अवनीत कौर भी हुक स्टेप करती नजर आ रही हैं।

जैकलीन का यह गाना इसलिए भी काफी चर्चा में था क्योंकि इस गाने में ऐक्ट्रेस के ऑपोजिट 365 डेज स्टार मिशेल मोरोन नजर आए हैं। वीडियो में दोनों के बीच लाजवाब केमिस्ट्री दिखी है। इस मजेदार वीडियो को अवनीत कौर ने अपने इंस्टाग्राम पर भी शेयर किया है। अवनीत इस वीडियो में जैकलीन के साथ डांस फ्लोर पर झूमती नजर आ रही हैं।

अवनीत ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा है- बम के साथ मुड़ मुड़ के। वीडियो में उन्होंने जैकलीन फर्नांडिस को टैग भी किया है।

इसके अलावा एक और वीडियो सोशल मीडिया पर नजर आया है जिसमें राघव शर्मा के साथ जैकलीन और अवनीत डांस करती दिख रही हैं। फैन्स को दोनों ऐक्ट्रेसेस का यह डांस वीडियो काफी पसंद आ रहा है। मिशेल मोरोन एक इटैलियन ऐक्टर हैं और इस गाने से उन्होंने इंडियन इंडस्ट्री में अपना पहला कदम रखा है। अवनीत कौर बहुत जल्द नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ फिल्म टीकू वेड्स शेरू में नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म को कंगना रनौत प्रड्यूसर कर रही हैं।

# बॉबी देओल ने बताया कब रिलीज होगी 'आश्रम 3', फिर होगा बाबा निराला का 'जपनाम'



बॉलिवुड ऐक्टर बॉबी देओल ने तब चर्चा में आ गए जब उन्होंने सुपरहिट वेब सीरीज आश्रम से धमाकेदार वापसी की। इस सीरीज में बॉबी ने बाबा निराला का निगेटिव रोल निभाया है। प्रकाश झा प्रॉडक्शंस के तले बनी इस पॉप्युलर वेब सीरीज के 2 सीजन आ चुके हैं जिन्हें खूब पसंद किया गया। अब फैन्स इस सीरीज के तीसरे सीजन आश्रम 3 का इंतजार कर रहे हैं और बॉबी देओल ने इसके बारे में बात की है।

आश्रम वेब सीरीज के लिए बॉबी देओल की काफी आलोचना भी हुई थी ऐसे में नए सीजन को लेकर उनका क्या सोचना है।। न्यूज पोर्टल इंडिया डॉट कॉम से बात करते हुए बॉबी ने कहा कि यह सब हमेशा चलता रहता है। उन्होंने कहा, अगर आश्रम इतनी बुरी और गलत वेब सीरीज होती तो इतनी बड़ी हिट नहीं होती। लोगों ने इसे काफी पसंद किया और उन्हें पता था कि उसमें क्या दिखाया जा रहा है। इसीलिए यह इतनी सफल हुई क्योंकि जो लोग इसकी बुराई कर रहे थे उनके सामने शो के जरिए सच्चाई सामने आई।

बॉबी ने आगे कहा, प्रकाश झा बेहद जिम्मेदार फिल्ममेकर हैं। अगर आप उनका करियर देखेंगे तो उन्होंने ऐसे मुद्दों पर फिल्में बनाई हैं जिन पर बोला जाना बहुत जरूरी है। ऐसी फिल्मों पर विवाद होना आम बात है। इसलिए मैं इस बारे में कुछ सोचता ही नहीं हूं। इसके बजाय मैं जो किरदार निभा रहा हूं उसके बारे में सोचता हूं और सोचता हूं कि कैसे अपने काम से ऑडियंस को इंप्रेस कर सकता हूं।

आश्रम के बाद बॉबी ओटीटी पर सबसे पॉप्युलर ऐक्टर्स में से एक बन चुके हैं। बॉबी ने कहा, ईमानदारी से बताऊं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि आश्रम इतनी सफल हो जाएगी क्योंकि मैं इसमें बेहद निगेटिव रोल पहली बार निभा रहा था। मुझे अहसास ही नहीं था कि निगेटिव किरदारों को भी ऐसा पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल सकता है।



# अजय देवगन की वेब सीरीज 'रुद्रः द एज ऑफ डार्कनेस' का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन की आने वाली क्राइम ड्रामा वेब सीरीज रुद्र- द एज ऑफ डार्कनेस का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है।

अजय देवगन रुद्र- द एज ऑफ डार्कनेस के जरिये अपना डिजिटल डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह सीरीज फेमस ब्रिटिश सीरीज लूथर की रीमेक है। राजेश मापुस्कर द्वारा निर्मित, इस साइकोलॉजिकल क्राइम ड्रामा सीरीज में अजय दमदार पुलिस अधिकारी के रूप में नज़र आयेंगे। रुद्र - द एज ऑफ़ डार्कनेस ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है।

अजय देवगन ने कहा, ÷रुद्र- द एज ऑफ डार्कनेस में मेरा किरदार बहुत ही ग्रे है जिसे आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। यह किरदार मेरे लिए चुनौतीपूर्ण और प्रेरक दोनों रहा है, और मैं रूद्र के जादू को दुनिया भर में अपने प्रशंसकों के साथ साझा करने के लिए उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि वे इस शो को उतना ही प्यार करेंगे, जितना हमने इसे बनाने की दिशा में काम किया है।

निर्देशक राजेश मापुस्कर का मानना है कि,रुद्र एक सामान्य पुलिस वाले और क्राइम ड्रामा की गहरी और गंभीर कहानी को पेश करता है। एक हीरो जो खुद अंधेरे में है वह आपराधिक दिमाग की मानसिकता को समझने और सच्चाई की खोज में लगा रहता है। यह बहुत ही आकर्षक और दमदार कहानी है और उम्मीद करता हूं कि लोग इसे पसंद करेंगे।

ईशा देओल ने कहा, ÷मेरे दोस्त और को स्टार अजय देवगन के साथ एक बार फिर स्क्रीन सांझा करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। जिन्होंने हमारे शूट की शुरुआत से ही मुझे कैमरे के सामने वापसी करने में काफी मदद की। रुद्र-द एज ऑफ डार्कनेस के साथ, मैं अपने किरदार और शो के माध्यम से दर्शकों के दिलों में एक बार फिर अपने लिए जगह बनाने की उम्मीद कर रही हूं।

बीबीसी स्टूडियोज इंडिया के सहयोग से अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित इस क्राइम ड्रामा शो में राशी खन्ना, ईशा देओल, अतुल कुलकर्णी, अश्विनी कालसेकर, तरुण गहलोत, आशीष विद्यार्थी और सत्यदीप मिश्रा भी प्रमुख भूमिकाओं में नज़र आएंगे। यह सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 04 मार्च को रिलीज होगी।06 एपिसोड्स की सीरीज में अजय के किरदार का नाम रूद्रवीर सिंह है। रूद्र अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी उलझा हुआ है।



# कियारा आडवाणी ने के-ड्रामा के लिए अपना प्यार कबूल किया


बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने के-ड्रामा के लिए अपने नए शौक को कबूल किया है और कहा है कि वह स्नोड्रॉप से जुड़ गई हैं।

स्नोड्रॉप में ब्लैकपिंक के जिसू और समथिंग इन द रेन स्टार जंग हे-इन शामिल हैं, 16-एपिसोड की श्रृंखला दक्षिण कोरिया में जून 1987 के लोकतंत्र आंदोलन के दौरान एक दक्षिण कोरियाई लड़की और एक उत्तर कोरियाई जासूस के बीच प्रेम की कहानी बताती है।

कियारा ने कहा कि मेरे अधिकांश दोस्त के-ड्रामा प्रशंसक हैं और मुझे बस बैंड में शामिल होना था! मुझे बहुत खुशी है कि मैं स्नोड्रॉप में आई, क्योंकि मैं के-ड्रामा और आकर्षक कोरियाई संस्कृति से पूरी तरह से जुड़ी हुई हूं।

जो ह्यून-तक द्वारा निर्देशित और यू ह्यून-मी द्वारा लिखित, यह शो जिसू की एक प्रमुख अभिनेत्री के रूप में पहली फिल्म है।

# पिता रणधीर कपूर को करीना कपूर खान ने खास अंदाज में दी जन्मदिन की बधाई



दिग्गज फिल्म अभिनेता, निर्माता व निर्देशक रणधीर कपूर आज अपना 75वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर उनकी अभिनेत्री बेटी करीना कपूर खान ने उन्हें सोशल मीडिया के जरिये खास अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी है।

करीना ने अपने पिता के पुराने दिनों की एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की, जिसमें रणधीर और बबीता नजर आ रहे हैं। इस थ्रोबैक तस्वीर को साझा करते हुए करीना ने अपने पिता के लिए लिखा, ÷दुनिया के सबसे अच्छे आदमी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। आप सबसे प्यारे पापा हैं। सामू, कियू, टिम टिम और जेह बाबा के लिए बेस्ट नानू हैं।

सोशल मीडिया पर करीना का यह पोस्ट वायरल हो रहा है। गौरतलब है कि 15 फरवरी, 1942 को जन्मे रणधीर कपूर बॉलीवुड के शोमैन दिवंगत राजकपूर और कृष्णा कपूर के बेटे और दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर और राजीव कपूर के भाई हैं।

रणधीर कपूर ने अपने करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की थी। रणधीर कपूर ने कल आज और कल, रामपुर का लक्ष्मण ,जीत, हॉउसफुल, एक्शन रिप्ले, जैसी कई फिल्मों में शानदार अभिनय किया। इसके अलावा उन्होंने कल आज और कल, धरम करम और हिना जैसी फिल्मों का सफल निर्देशन तो किया ही साथ ही हिना, आ अब लौट चले और प्रेम ग्रन्थ जैसी फिल्मों को प्रोड्यूस भी किया । इसी दौरान साल 1971 में आई फिल्म कल आज और कल की शूटिंग के दौरान रणधीर कपूर और बबीता की मुलाकात हुई । यह फिल्म रणधीर कपूर की डेब्यू थी। शूटिंग के दौरान दोनों में प्यार हो गया जिसके बाद दोनों ने शादी का फैसला लिया। लेकिन कपूर खानदान इस शादी के लिए राजी नहीं था। काफी मशक्कत के बाद 6 नवम्बर, 1971 को परिवार की रजामंदी से दोनों ने शादी कर ली।

उस जमाने में कपूर परिवार की महिलाएं फिल्मों में काम नहीं करती थी, इसलिए शादी के बाद बबीता ने भी फिल्मी दुनिया को अलविदा कह दिया। रणधीर कपूर और बबीता की दो बेटियां करिश्मा कपूर और करीना कपूर हैं, जो आज बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्रियां हैं।

# गंगूबाई काठियावाड़ी को लेकर आलिया ने आईएएनएस से की बात



वह जब भी पर्दे पर आती हैं तो अपने किरदार में जान डाल देती हैं। अभिनेत्री आलिया भट्ट ने बताया की संजय लीला भंसाली के निर्देशन में गंगूबाई जैसे गहन चरित्र को निभाना भावनात्मक रूप से कितना कठिन था।

गंगूबाई काठियावाड़ी गंगा नाम की एक युवा लड़की की कहानी बताती है जो कमाठीपुरा के रेड लाइट एरिया में एक मैडम गंगूबाई बन जाती है। यह गंगूबाई हरजीवनदास की सच्ची कहानी पर आधारित है, जिन्हें गंगूबाई कोठेवाली के नाम से जाना जाता है, जिनके जीवन को एस हुसैन जैदी द्वारा लिखित पुस्तक माफिया क्वींस ऑफ मुंबई में प्रलेखित किया गया है।

आईएएनएस के साथ बातचीत में, आलिया ने गंगूबाई जैसे वास्तविक जीवन के चरित्र को निभाने के भावनात्मक रूप से कठिन हिस्से के बारे में बात की, जिसे उसके प्रेमी ने एक वेश्यालय को बेच दिया था।

आलिया ने बातचीत के दौरान कहा कि एक चीज जो शायद आपको ट्रेलर में भी देखने को मिलेगी कि उसकी आंखों में लगातार गुस्सा है, वो गुस्सा उसके साथ जो हुआ और जिस स्थिति में उसे रखा गया था, उसके वजह से है। जब भी हम सीन प्ले करते थे, सर मुझसे कैरेक्टर को जीने के लिए कहते थे। जब मैं इसे कर रही थी तो मुझे समझ में नहीं आया लेकिन जब मैंने फिल्म देखी तो मैं इसे समझ रही थी। एक बार में मैं समझ गई कि वह क्या करने की कोशिश कर रहे थे।

उसकी सबसे बड़ी संवेदनशील बातों में से एक यह थी कि उसके साथ जो हुआ वह उचित नहीं था और उसने किस दुनिया में प्रवेश किया था।

तो आप गंगूबाई को कैसे वर्णित करेंगी?

उसमें धूप सा तेज है लेकिन उसमें उदासी भी है

28 वर्षीय अभिनेत्री ने आगे कहा कि उनकी तस्वीर 50 साल तक कमाठीपुरा में हर लड़की की दीवार पर थी। महिलाओं पर उनका यही प्रभाव था। इसलिए खुद को अन्य लोगों के लिए वजनदार बनाएं। जब मैं डांस कर रही थी, चल रही थी या हंस रही थीस तो संजय सर ने कहते थे, वजन। वजन का मतलब शारीरिक वजन नहीं है, इसका मतलब दिल और सिर में भावनात्मक वजन होना।

यह पूछे जाने पर कि गहन भूमिकाओं में निवेश करने के लिए अभिनेत्री कितना जोर देती है है, आलिया ने कहा कि यह आपके व्यक्तित्व पर निर्भर करता है मैं उस तरह की व्यक्ति हूं जहां मैं सब कुछ दूंगी।

# कार्तिक आर्यन ने शेयर की शर्टलेस तस्वीर

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर अपनी शर्टलेस तस्वीर शेयर की है। कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया हैंडल पर एक तस्वीर साझा की हैं, जिसमें वो सेल्फ लव की बात कर रहे हैं। इस तस्वीर को कार्तिक ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की है।



तस्वीर में कार्तिक शर्टलेस होकर सेल्फी लेते दिख रहे हैं। फोटो को इंस्टाग्राम पर शेयर कर कार्तिक ने कैप्शन लिखा, पहले अपना खुद का वैलेंटाइन बनो। प्यार व्यार होता रहेगा.... सेल्फ लव। कार्तिक की इस तस्वीर को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। कार्तिक इन दिनों अपनी आगामी फिल्म शहजादा के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग कर रहे हैं। रोहित धवन के निर्देशन में बनी रही इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री कृति सेनन मुख्य किरदार में नजर आने वाली हैं। कार्तिक हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 2 में नजर आने वाले हैं। फिल्म भूल भुलैया 2 में कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी के अलावा परेशा रावल, राजपाल यादव मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं।

### अभिनेता दिलीप को लगा झटका

# पीड़िता ने मामले में पक्ष रखने की इच्छा की व्यक्त



अभिनेता दिलीप को मंगलवार को उस समय झटका लगा, जब ताजा मामले में प्राथमिकी रद्द करने की उनकी याचिका केरल उच्च न्यायालय में सुनवाई के लिए आई, तो अभिनेत्री अपहरण मामले की पीड़िता ने मामले में पक्ष रखने की इच्छा व्यक्त की।

इसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई 21 फरवरी के लिए तय की है।

7 फरवरी को, दिलीप और उसके सहयोगियों को अपराध शाखा द्वारा दायर मामले में उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत मिली थी, जहां उन्होंने कहा था कि वह कुछ पुलिस अधिकारियों को बर्बाद कर देंगे, जो उसे अपहरण मामले में फंसाने के पीछे थे।

यह खुलासा एक फिल्म निर्देशक और दिलीप के पूर्व मित्र बालचंद्रकुमार ने किया था, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया और उसे और उसके सहयोगियों को हिरासत में लेना चाहती थी। तीन दिनों तक चली कुछ सुनवाई और 33 घंटे की पूछताछ के बाद, अदालत ने उन्हें अग्रिम जमानत दे दी। सोमवार को दिलीप ने मामले में प्राथमिकी रद्द करने या मामले को सीबीआई को सौंपने के लिए याचिका दायर की थी।

# शमशेरा के निर्देशकः बैकग्राउंड स्कोर बनाने में पूरे 7 महीने लगे



निर्देशक करण मल्होत्रा ने कहा कि रणबीर कपूर, संजय दत्त और वाणी कपूर अभिनीत नई फिल्म शमशेरा का बैकग्राउंड स्कोर तैयार करने में सात महीने लगे।

करण ने कहा, जब कोई ट्रेलर या वीडियो बनाया जाता है, तो हमारे दर्शकों के लिए उसमें बहुत सारा मसाला जोड़ा जाता है, जिससे उनसे पॉजिटिव प्रतिक्रियाएंमिलें और जब दर्शक उसपर टिप्पणी करते हैं तो बहुत खुशी होती है।

शमशेरा फिल्म का बैकग्राउंड स्कोर बहुत महत्वपूर्ण था। वीडियो के संगीत स्कोर पर इस तरह की उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिलना खुशी की बात है। उन्होंने आगे कहा, और मैं आपसे वादा करता हूं। यह वास्तव में सिर्फ एक झलक है कि शमशेरा का बैकग्राउंड स्कोर आखिरकार कैसा होने वाला है।

मिथुन और मैंने आपको एक ऐसा स्कोर देने के लिए एक रोमांचक और पूरे 7 महीने बिताए हैं जो वास्तव में आपको फिल्म और इसके गाने के लिए नए अनुभव प्रदान करेगा। ये जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

यशराज फिल्म्स शमशेरा 22 जुलाई को हिंदी, तमिल, तेलुगू भाषा में रिलीज होगी। फिल्म में संजय को रणबीर के कट्टर दुश्मन के रूप में दिखाया गया है। संजय निर्दयी खलनायक की भूमिका निभाएंगे और रणबीर के साथ उनका तसलीम देखने लायक होगा क्योंकि वे एक-दूसरे के खिलाफ क्रूरता से पेश आएंगे। इसमें लीड रोल वाणी कपूर और को रणबीर कपूर ने निभाया है।

# डबल इंजन की सरकार में डबल हुआ भ्रष्टाचार : अखिलेश



रायबरेली। पहले चरण के मतदान से ही सपा के पक्ष में हवा चल रही है। इसका पता रायबरेली के लोगों को भी चला गया होगा। गर्मी निकालने वाले अब तक भाप बन चुके हैं। रायबरेली में मतदान के बाद यह सब धुंआ बन जाएंगे। डबल इंजन की सरकार में केवल एक ही चीज डबल हुई है, वह है भ्रष्टाचार। कुछ इसी तरह सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा। सपा के मुखिया मंगलवार को लालगंज के बैसवारा इंटर कॉलेज में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। अखिलेश यादव ने कहा कि कानून व्यवस्था की बात वह कर रहे हैं जिनकी सरकार में हिरासत में मौत हुई हैं। वसूली के लिए पुलिस ने व्यापारी की जान ले ली। आइपीएस फरार है। 25 हजार रूपये का इनामी पुलिस कप्तान पिच बनवाकर क्रिकेट खिलवा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि सबसे ज्यादा धाराएं उन्हीं पर लगी हैं। भाजपा में अपराधियों को टिकट दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुफ्त राशन केवल चुनाव तक ही दिया जा रहा है। यदि सपा की सरकार बनी तो सरसों का तेल व एक किलो घी भी दिया जाएगा। मुफ्त राशन जब तक सपा सरकार रहेगी, तब तक दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से पूछा कि बाबा का सबसे प्रिय मवेशी कौन सा है । सपा सरकार बनी तो मवेशियों से निजात दिलाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 100 नंबर जब से 112 बनी है भाजपा ने पुलिस का कबाड़ा कर दिया है। डबल इंजन की सरकार में केवल एक ही चीज डबल हुई है वह है भ्रष्टाचार। बाबा मुख्यमंत्री स्मार्टफोन तक नहीं चला पाते इसलिए उन्होंने स्मार्टफोन नही बाटे। उन्होंने सभी से सपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील की।

## गाड़ी का अंतिम नंबर 0 या 1 है तो अब एसएचआरपी अनिवार्य, वरना भरना पड़ेगा जुर्माना

**आनंद राय**




लखनऊ। वाहनों के अंतिम नंबर 0 और 1 अंक वाले निजी वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एसएचआरपी) लगवाये जाने का मौका मंगलवार से खत्म हो रहा है। इसके बाद जिन वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगी होगी उन वाहनों का चालान किया जाएगा। यह अंतिम मौका है। लोगों की सहूलियतों और मांग पर बीते दो साल से अब तक चार बार तारीखों में बदलाव किया जा चुका है। बीते वर्ष पहले 15 जुलाई की तिथि एचएसआरपी के लिए नियत की गई। उसके बाद बढ़ाकर 30 सितंबर की गई। दिसंबर और फिर 15 नवंबर 2022 तक सभी वाहनों में एचएसआरपी लगवाया जाना अनिवार्य किया गया था। दिक्कतों को देखते हुए अंतिम बार तिथियों में बदलाव करते हुए 15 फरवरी 2022 से 15 फरवरी 2023 तक सभी निजी वाहनों में सुरक्षा नंबर प्लेट लगवाए जाने की तारीख तय की गई थी। अंतिम नंबर 0 और 1 वाले वाहनों की तारीख आज से समाप्त हो रही है।बता दें कि पहली अप्रैल 2019 से पहले खरीदे गए वाहनों में इस सुरक्षा प्लेट को लगवाया जाना अनिवार्य किया गया है। वाहनों के अंतिम नंबर 0 से लेकर 9 अंक तक की तारीखों में बदलाव किया गया है।

## यूपी में 46 लाख पात्रों को मिला आशियाना : अनुप्रिया

**रवि शंकर तिवारी**



बाराबंकी । अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रदेश में 46 लाख पात्रों को उनका आशियाना मिला है। गरीबी दूर हुई है। बेरोजगारों को रोजगार की तलाश में कहीं जाना नहीं पड़ा है। पलायन रुका है ।उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में बिजली नहीं आती थी। अब 22 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है। 2017 और 2019 में हम यहां आए थे।

आपने भाजपा और अपना दल के संयुक्त प्रत्याशी को जीत दिलाकर हम पर एहसान किया था। हम कर्ज समेत उसे उतार रहे हैं। हमारे कार्यकर्ता भाजपा सरकार की 5 वर्ष की उपलब्धियां लेकर जनता के बीच पहुंच रहे है। वे जैदपुर विधानसभा के जनपद इंटर कालेज हरख के मैदान में भाजपाप्रत्याशी अमरीश रावत के. समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहीं थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहां की 27 फरवरी को पहले मतदान फिर जलपान कोई भी व्यक्ति मतदान से वंचित न रहे। इतनी अधिक संख्या में कमल के फूल वाला बटन दबाएं की पिछली बार 4 हजार 500 से हार की जो चूक हुई थी। इस बार रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कर हार के घाव की भरपाई कर दें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के साथ अपना दल एस का गठबंधन को जनता को पसंद आ रहा है। तीन बार हम गठबंधन से चुनाव लड़ चुके यह हमारा चौथा गठबंधन है। इस बार भी जनता हमें जीत दिलाएगी डबल इंजन की सरकार के विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड हम स्वयं जारी कर रहे हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार के समन्वय से प्रदेश में 46 लाख पात्रों को उनका आशियाना मिला है। वह भी संपूर्ण जिसमें बिजली गैस शौचालय किचन सब मौजूद है। उन्होंने कहा कि अब सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्रों के खाते में पहुंचता है। बिचौलिए सरकारी योजनाओं से दूर हैं। इसी से विकास योजनाओं का नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। घर घर खुशहाली है। भारत के लिए गौरव की बात है पूरी दुनिया में करोना से बचाव के लिए भारत में सबसे अधिक टीकाकरण हुआ है। हमने अन्य देशों को भी कोरोना से बचाव की वैक्सीन दी है। जनता से अपील करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 2017 में जिस तरह आप लोगों ने सपा को सत्ता में आने से रोक कर भाजपा की सरकार बनाई थी इस बार भी भाजपा की सरकार बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में कमल के फूल वाला बटन दबाएं हम इसे कर्ज समझ कर प्रदेश का विकास कर आकर ब्याज समेत वापस करेंगे।

## बसपा मुखिया मायावती की लखनऊ में कल चुनावी सभा, मौजूद रहेंगे लखनऊ के सभी नौ प्रत्याशी

**कुलदीप त्यागी**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 में अकेले ही सभी 403 विधानसभा सीट पर अपनी पार्टी के प्रत्याशी उतारने के साथ बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने प्रचार का भी मोर्चा संभाल लिया है। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों के साथ बुंदेलखंड तथा कानपुर मंडल में सभा करने के बाद अब राजधानी लखनऊ में अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा करेंगी। मायावती लखनऊ में बुधवार को दिन में कांशीराम सांस्कृतिक स्थल (स्मृति उपवन) आशियाना में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। इस दौरान उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सदस्य सतीश चंद्र मिश्रा भी रहेंगे। मायावती लखनऊ की सभी नौ मोहनलालगंज, मलिहाबाद, लखनऊ कैंट, सरोजनीनगर, बक्शी का तालाब, लखनऊ पूर्वी, लखनऊ मध्य, लखनऊ उत्तरी तथा लखनऊ पश्चिमी से पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगी। बीते सात दिनों से लगातार चुनावी सभाएं कर रहीं मायावती का फोकस अब मध्य उत्तर प्रदेश के साथ ही साथ पूर्वांचल पर भी है। वह सातों चरण के चुनाव के लिए अपनी पार्टी के प्रत्याशियों की घोषणा भी कर चुकी हैं। बसपा की मुखिया ने मंगलवार को भाजपा की सरकार पर हमला बोला। उन्होंने दो ट्वीट भी किया। मायावती ने कहा कि देश में लम्बे समय से भयंकर गरीबी, बेरोजगारी, कमरतोड़ महंगाई आदि की मार झेल रहे लोगों के लिए रोजी-रोजगार की कोई अच्छी खबर आने के बजाय, करीब 23 हजार करोड़ रुपए के सबसे बड़े बैंक घोटाले की खबर बेचैनी व आक्रोश बढ़ाने वाली है। क्या देश कभी बैंक घोटालों से मुक्त होगा।

मायावती ने कहा कि देश में ताजा बैंक घोटाले में किसी घोटालेबाज की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने से भी लोगों के मन में अनेकों प्रकार के संदेह पैदा हो रहे हैं जो कि स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। इसी कारण केन्द्र सरकार इस जन आशंका को भी दूर करे कि बैंकों में जमा लोगों की कमाई वाकई सुरक्षित है और रहेगी।

## दंगाईयों को संरक्षण देने का काम करती थी सपा : जेपी नड्डा



धौरहरा-खीरी। विाानसभा चुनाव के मद्देनजर ाौरहरा विाानसभा में आयोजित जनसभा में पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अयक्ष ने भाजपा सरकार द्वारा कराए गए कामों का बखान करने के साथ ही सपा सरकार पर जमकर निशाना साा। सोमवार को विाानसभा के सिसैया चौराहे पर स्थति ओएनजीसी अस्पताल के सामने आयोजित जनसभा में पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय अयक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा ाारा 370, तीन तलाक कानून, शौचालय निर्माण, आवास निर्माण करवाने के साथ ही माफियाओं को जेल भेजने का काम किया है। भाजपा सरकार में माफिया या तो जेल में हैं या फिर बेल पर प्रदेश से बाहर। सपा सरकार पर निशाना साते हुए कहा कि सपा सरकार में माफिया और चोरों का राज था। अपराा दिनदहाड़े दंगा करते थे और सपा सरकार उनको संरक्षण प्रदान करती थी। जेपी नड्डा ने सभा को संबोाित करते हुए आगामी 23 फरवरी को विनोद ाौरहरा को कमल का बटन पर दबा कर जिताने की अपील की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपायक्ष रेखा अरुण वर्मा सांसद ाौरहरा, विाायक बाला प्रसाद अवस्थी, जिला अयक्ष सुनील सिंह, भाजपा प्रत्याशी विनोद शंकर अवस्थी विनोद ाौरहरा, जिला प्रभारी शंकर लाल लोाी, निवर्तमान जिला मंत्री अनुराग मिश्रा, जिला मंत्री दुर्गेश नंदन पांडे, रमारमण मिश्रा, आनंद किशोर अवस्थी, कन्हैया बाजपेयी सहित सभी मंडल अयक्ष मौजूद रहे।

## लापता युवक का तालाब में उतराता मिला शव, हत्या की आशंका



रेउसा सीतापुर। सोमवार की दोपहर तंबौर थाना क्षेत्र के दलपतपुर गांव में कुछ बच्चों द्वारा शव देखने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर भारी संख्या में पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस व ग्रामीणों की सहायता से शव को तालाब से बाहर निकाला गया। ज्ञात हो कि बीती 7 फरवरी को विकासखंड रेउसा क्षेत्र के ग्राम सभा बाम्हिया के रहने वाले रामलखन गौतम का पुत्र त्रिलोकी जो की अपने फूफा लखन के साथ दलपतपुर गया हुआ था वहीं से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था,परिजनों ने इस संदर्भ में तंबौर व रेउसा थाने में तहरीर भी दी थी। मामले की बात करें तो रेउसा थाना क्षेत्र के बाम्हिया के निवासी रामलखन का पुत्र त्रिलोकी अपने फूफा लखन पुत्र नारायण निवासी ग्वारी थाना थानगांव के साथ दिनाक 7 फरवरी को दलपतपुर थाना तंबौर निवासी औतार के यहां गया हुआ था। जहां पर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था, अगर लड़के के पिता की मानें तो त्रिलोकी व उसके फूफा लखन ने दलपतपुर में अपने रिश्तेदार के यहां शराब भी पी थी उसके बाद लखन अपने साले के साथ गांव में बज रहे डीजे को देखने चला गया। जब रात लगभग 9 बजे त्रिलोकी का फूफा लखन वापस आया त्रिलोकी लापता था। परिजन की मानें तो उनकी किसी से रंजिश नही थी। वहीं पुलिस द्वारा शव मिलने की ख़बर मिलते ही परिजनों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को मिली लाश की पहचान लापता त्रिलोकी पुत्र रामलखन के रूप में की। ख़बर लिखे जाने तक पुलिस के द्वारा शव को पीएम के लिए नहीं भेजा गया था और न ही लाश के संदर्भ में किसी के विरुद्ध तहरीर दी गई थी। हालांकि परिजनों द्वारा रिश्तेदारों पर मौखिक हत्या के आरोप लगाए जा रहे थे।

### चांदपुर सीट पर हुआ सबसे अधिक मतदान, आंकड़े बाजी मे उलझे प्रत्याशी

चांदपुर। विधानसभा चुनाव मतदान के प्रति वोटरों में कितना उत्साह वह जोश था इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चांदपुर क्षेत्र में जनपद में सबसे अधिक प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के बाद सभी प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई क्षेत्र में मुख्य मुकाबला सपा रालोद गठबंधन प्रत्याशी स्वामी ओमवेश, भाजपा प्रत्याशी कमलेश सैनी व बसपा प्रत्याशी डॉक्टर शकील आज़मी के बीच देखने को मिला। चुनावी आंकड़े वे रुझान को देखे तो इस सीट पर मुख्य मुकाबला सपा प्रत्याशी स्वामी ओम वेश व भाजपा की कमलेश सैनी के बीच होता दिखाई दिया। मतदान के बाद उम्मीदवारों की हार जीत को लेकर चौराहों व चौपाल पर चर्चा तेज हो गई है। सभी लोग अपने अपने हिसाब से उम्मीदवारों की जीत के दादा करने में लगे हुए हैं। इस चुनाव में किस ने किसके पक्ष में मतदान किया और किसको धोखा दिया लोग इसको लेकर खूब चर्चा कर रहे हैं। मतदान समाप्त होने के बाद प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालयों में खूब चर्चा हुई। साथ ही किस्मत पर किस प्रत्याशी के पक्ष में वोट पड़े इसके आंकड़े जुटाए गए इसके साथ ही प्रत्याशियों की हार जीत को लेकर सट्टा भी शुरू हो गया है। चांदपुर सीट पर भाजपा प्रत्याशी कमलेश सैनी व सपा प्रत्याशी स्वामी ओमवेश की जीत पर सट्टा लगाया जा रहा है। हालांकि जीत का सेहरा किसके सिर बन्धेगा यह तो 10 मार्च को होने वाली मतगणना के बाद ही पता चल सकेगा। फिलहाल दोनों प्रत्याशियों के समर्थक अपने-अपने उम्मीदवारों की जीत को पक्की मानकर चल रहे हैं।

### चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान अपनी ससुराल आ रहे युवक की मौत, मचा कोहराम

नजीबाबाद। गाजियाबाद से नजीबाबाद ससुराल आ रहे एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना से मृतक के परिजनों व ससुराल वालो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पीएम के लिए भेज दिया है।नजीबाबाद थाना क्षेत्र के सिद्ध बली कॉलोनी निवासी दवाई विक्रेता वरुण मित्तल के बहनोई पचास वर्षीय अमित अग्रवाल ( 50 वर्ष) पुत्र हरिओम अग्रवाल निवासी राम वाटिका कालोनी बरेली, हाल निवासी गरिमा गार्डन गाजियाबाद मंगलवार को सिद्धबली जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन से अपनी नजीबाबाद स्थित ससुराल आ रहे थे। इस दौरान वह पानी लेने के लिए मौअज्जम पुर रेलवे स्टेशन पर उतर गए। इस दौरान ट्रेन के चलने पर अमित ने भागकर ट्रेन पकड़नी चाही, लेकिन वह ट्रेन में नहीं चढ़ सके और ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची जीआरपी नजीबाबाद ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जीआरपी नजीबाबाद थाना प्रभारी सुभाष तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना पर टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## चुनावी साक्षरता के लिए किया जागरूक निकली रैली




हरगांव, सीतापुर। स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान फीसद बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को बिरला विद्या मंदिर इंटर कालेज हरगांव में निर्वाचक साक्षरता क्लब के गठन बाद विद्यार्थियों एवं कैंपस एंबेस्डर को चुनावी साक्षरता बढ़ाने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। जिससे छात्र छात्राएं अपने परिवार, आस-पास क्षेत्रों एवं समाज के अन्य लोगों को चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूक करते हुए लोकतंत्र का महत्व समझा सकें। कॉलेज के प्रधानाचार्य रामचेत शर्मा ने विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि वोटर लिस्ट में सभी वोटरों का पंजीकरण सुनिश्चित किए जाने और मतदान के प्रति मतदाताओं खासतौर पर दिव्यांग, युवा व महिलाओं को जागरूक करने के बारे में चर्चा किया। आगे शर्मा ने निर्वाचन साक्षरता क्लब में शामिल विद्यार्थी को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि युवाओं को लोकतंत्र में जागरूक करना अब तुम सब की जिमेदारी है इसी के साथ अपने गांव व शहर के लोगों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित करना होगा। इसके साथ ही मतदान के दिन अधिक से अधिक लोगों को बूथ पर जाकर मतदान करने के लिए भी प्रेरित करना होगा। उन्होंने एनवीएसपी, वोटर पोर्टल व वोटर हेल्पलाइन ऐप के बारे में बताया कि इस ऐप पर निर्वाचन से सम्बंधित सभी जानकारियां उपलब्ध हैं, तथा इस ऐप के माध्यम से वोटर बनने के लिए आनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। बिरला कॉलेज के छात्र आदर्श अवस्थी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया की पूरी जानकारी हो और उसमें उनकी सक्रिय भागीदारी हो। इस मौके पर बिरला कॉलेज के अध्यापक हृदयेश संतोषी , अंशु वर्मा ,बद्री विशाल त्रिपाठी व बड़ी संख्या में छात्र - अक्षय , आदर्श अवस्थी , अमन ,सिद्धार्थ, शिवा , आभाष ,एकांश ,सचिन ,प्रियांशु, अविरल आदि लोग मौजूद रहे !

## नुक्कड़ सभाओं का हुआ आयोजन

मिश्रित सीतापुर । मिश्रिख़ तीर्थ पर स्थित दक्षिणेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में तीर्थ पुरोहित राहुल शर्मा ने भाजपा की एक बैठक का आयोजन किया इसमें सांसद अशोक कुमार रावत मिश्रित ब्लाक प्रमुख रामकिंकर पांडे गोंदलामऊ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुनेंद्र अवस्थी ने मंदिर में शिव जी की पूजन अर्चनकर आशीर्वाद प्राप्त किया 2022 विधानसभा चुनाव में विधायक रामकृष्ण भार्गव को भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प किया पूजन अर्चन समाप्त होने के बाद तीर्थ पुरोहित राहुल शर्मा ने विधायक रामकृष्ण भार्गव के ऊपर भड़क उठे और पूछा कि 5 साल में आपने मिश्रिख क्षेत्र में क्या विकास किया है दधीच कुंड में हर साल हजारों मछलियां मरती हैं तीर्थ का जल दूषित हो गया और काला पड़ गया है तीर्थ पर लगी स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई हैं 5 साल विधायक रहने के बाद भी मिश्रिख तीर्थ का कोई विकास कार्य नहीं हुआ है नैमिषारण्य और मिश्रित पर्यटन स्थल घोषित होने के बाद करियारीडीह के पास लगा पर्यटन स्थल के बोर्ड पर मिश्रित का नाम ना होने पर जनता भड़क उठी जनता ने भी विधायक से प्रस्नो की झड़ी लगा दी वही सांसद अशोक कुमार रावत ने विधायक की गलतियों पर नाराजगी जताई और संकल्प लिया कि जो भी मिश्रित क्षेत्र का विकास कार्य नहीं हुआ है वह मैं करवाऊंगा उन्होंने नगर क्षेत्र की जनता आश्वासन दिया और भाजपा प्रत्यासी के पक्ष में अपना अमूल्य वोट देकर भारी मतों से जिताने की अपील की इस मौके पर भास्कर मिश्रा ,मनोज पांडे महादेव मिश्रा राजकुमार सोनी देवेश पांडे आदित्य अवस्थी दिलीप मिश्रा कौशल कुमार रबिंस रावत प्रदीप दीक्षित विपिन गुप्ता, आशीष कुमार, रंजीत रावत ,ऊदन, देवेंद्र नंद वंशी सूरज त्रिपाठी ,विपिन कुमार, सतीश शास्त्री संदीप राजवंशी, शिवशंकर आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे नुक्कड़ सभा का आयोजन कल्ली में अभिषेक त्रिपाठी के नेतृत्व में बर्मी में अमित कश्यप के नेतृत्व में बेलहिया में जितेंद्र गुप्ता, नगर क्षेत्र में द्ध बिपिन गुप्ता के नेतृत्व में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया जिसमें व्यापारियों ने अपना पूर्ण समर्थन दिया वा अन्य नागरिकों से भाजपा के पक्ष में अपील की इस मौके पर कृष्ण पाल वैश्य,ओम बाजपेई प्रशांत वैश्य राज किशोर विश्वकर्मा शैलेंद्र मिश्रा पम्मू नरेश चंद्र वैश्य, रामकिशोर गांधी, प्रमोद वैश्य अशोक तिवारी धर्मेंद्र गुप्ता आनंद शुक्ला ,राजेश मिश्रा, गोपी अनिल कुमार त्रिपाठी विवेक सिंह रानू गुप्ता आदि उपस्थित रहे

## खीरी टाउन पहुंचे डीएम, घर-घर दस्तक देकर बंटे निमंत्रण

लखीमपुर-खीरी। विाानसभा चुनाव में चतुर्थ चरण में 23 फरवरी को जनपद खीरी में 90 फीसद पार मतदान हो इसके लिए प्रशासन डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में कोई कोर कसर नह छोड़ रहा। सोमवार की दोपहर करीब एक बजे जिला निर्वाचन अाकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह सीडीओ अनिल कुमार सिंह के संग नगर पंचायत खीरी टाउन पहुंचे, जहां उन्होंने मोहल्लों, बाजार में पैदल भ्रमण कर लोकतंत्र के महापर्व 23 फरवरी को मतदान दिवस के दिन का निमंत्रण पत्र प्रदान किया। यही नह उन्होंने अफसरों के संग घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं को निमंत्रण पत्र बांटे। इस दौरान डीएम ने राहगीरों, दुकानदारों, क्रेता, विक्रेताओ को निमंत्रण पत्र देकर मत एवं मतदान के महत्व को समझाकर मताािकार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जितना अच्छा मतदान होगा, उतना ही हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा। लोकतंत्र मजबूत होगा तो हम सब मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतन्त्र का महापर्व है इसलिए हम सभी लोगों को मिलजुलकर इसे अन्य त्यौहारों की तरह सेलिब्रेट करना है। इस दौरान उनके साथ डिप्टी कलेक्टर रेनू, ईला प्रकाश मौजूद रही। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताते हैं कि जिले में दिव्यांग, बुजुर्ग तथा युवा मतदाताओं के साथ-साथ अन्य वर्ग के सभी स्त्री-पुरुष मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## एससी ईस्ट बंगाल को हराकर केरल ब्लास्टर्स सेमीफाइनल की दौड़ में शामिल

वास्को । केरल ब्लास्टर्स सोमवार को यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में एससी ईस्ट बंगाल को 1-0 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष चार में पहुंच गया।




ब्लास्टर्स ने 49वें मिनट में एनेस सिपोविच के गोल की बदौलत जीत दर्ज की जिससे टीम छठे से तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

इस जीत से केरल ब्लास्टर्स के 15 मैच में 26 अंक हो गए हैं। शीर्ष पर चल रहे हैदराबाद एफसी के 16 मैच में 29 अंक हैं।

एटीके मोहन बागान की टीम 26 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है लेकिन उसने 14 मैच खेले हैं।

इस हार के साथ एससी ईस्ट बंगाल की जीत का इंतजार जारी है। टीम अपने पिछले पांच मुकाबलों में जीत दर्ज करने में नाकाम रही है। टीम 17 मैच में 10 अंक के साथ 11 टीम के बीच 10वें स्थान पर चल रही है।

केरल की टीम अपने अगले मुकाबले में शनिवार को एटीके मोहन बागान से भिड़ेगी जबकि एससी ईस्ट बंगाल को गत चैंपियन मुंबई सिटी एफसी के खिलाफ अगले हफ्ते मंगलवार को खेलना है।

# टी20 विश्व कप की तैयारी को देखते हुए वेस्टइंडीज से भिड़ेगा भारत, इशान और अय्यर पर नजरें

श्रेयस मनोरम

कोलकाता । युवा प्रतिभाओं की मौजूदगी वाली भारतीय टीम आठ महीने बाद होने वाले टी20 विश्व कप से पहले सही संयोजन तैयार करने के इरादे से बुधवार से यहां तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में वेस्टइंडीज से भिड़ेगी।

भारत पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में यूएई में हुए टी20 विश्व कप में भी खिताब का प्रबल दावेदार था लेकिन लीग चरण से ही बाहर हो गया। टीम के संयोजन में कमियां नजर आई जिससे टी20 कप्तान के रूप में अंतिम प्रतियोगिता में जीत का विराट कोहली का सपना भी टूट गया।

आस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर से शुरू हो रहे टी20 विश्व से पहले भारत का कार्यक्रम व्यस्त है और उसकी नजरें मजबूत टीम तैयार करने पर टिकी होंगी।

मुंबई इंडियन्स ने रोहित शर्मा की अगुआई में पांच आईपीएल खिताब जीते हैं। रोहित की अगुआई में अब



टीम इंडिया सलामी जोड़ी, मध्यक्रम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी को लेकर रणनीति तैयार करना चाहेगी।

भारतीय टीम में काफी प्रतिभावान खिलाड़ी मौजूद हैं। आईपीएल की मेगा नीलामी में मुंबई इंडियन्स ने विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन को 15 करोड़ 25 लाख रुपये में खरीदा।

मौजूदा टीम में शामिल 10 खिलाड़ियों को नीलामी में बड़े करार मिले और सभी की नजरें श्रेयस अय्यर (कोलकाता नाइट राइडर्स, 12 करोड़ 25 लाख रुपये), हर्षल पटेल (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर, 10 करोड़ 75 लाख रुपये) और शारदुल ठाकुर (दिल्ली कैपिटल्स, 10 करोड़ 75 लाख रुपये) पर टिकी होंगी।

लोकेश राहुल के बाएं पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर होने के कारण भारत को सबसे पहले रोहित का सलामी जोड़ीदार ढूंढना होगा।

टी20 श्रृंखला से पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में तीन मैचों की एकदिवसीय के पहले मैच में रोहित ने इशान के साथ पारी का आगाज किया जबकि बाकी दो मैच में ऋषभ पंत और शिखर धवन ने कप्तान के साथ पारी की शुरुआत की।

इशान को पारी का आगाज करने का मौका मिल सकता है लेकिन बेहतरीन फॉर्म में चल रहे महाराष्ट्र के आक्रामक बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ की दावेदारी भी मजबूत है। वेंकटेश अय्यर भी कप्तान के साथ पारी की शुरुआत करने के दावेदारों में शामिल हैं।

पूर्व कप्तान विराट कोहली अगर रोहित के साथ पारी का आगाज करने उतरते हैं तो यह रोमांचक होगा। कोहली पिछले कुछ समय से उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और उन्होंने पिछला शतक इसी मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ दिन-रात्रि टेस्ट में नवंबर 2019 में जड़ा था।

पाकिस्तान के खिलाफ 23 अक्टूबर को टी20 विश्व कप के पहले मुकाबले से पूर्व भारत का कार्यक्रम काफी व्यस्त है। टीम इंडिया ऐसे में पंत को आराम देकर इशान को आजमा सकती है।

इससे रोहित को श्रेयस और सूर्यकुमार यादव दोनों को एक साथ अंतिम एकादश में खिलाने का मौका मिलेगा। हाल में संपन्न एकदिवसीय श्रृंखला में ये दोनों अच्छी फॉर्म में थे।

सूर्यकुमार एकदिवसीय श्रृंखला में 52 की औसत से 104 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। अय्यर ने 3-0 से क्लीनस्वीप के दौरान तीसरे वनडे में 80 रन की मैच विजयी पारी खेली। निचले क्रम में भारत के पास शारदुल ठाकुर, दीपक चाहर और हर्षल पटेल के रूप में अच्छे विकल्प मौजूद हैं। स्पिन विभाग में युजवेंद्र चहल पर एक बार फिर दारोमदार होगा जिन्होंने एकदिवसीय श्रृंखला में वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। यह देखना होगा कि वाशिंगटन सुंदर के पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण श्रृंखला से बाहर होने के बाद राजस्थान के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को पदार्पण का मौका मिलता है या नहीं।

आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद बिश्नोई को टीम में शामिल किया गया है।

एकदिवसीय श्रृंखला में फ्लॉप शो के बाद कीरोन पोलार्ड की अगुआई वाली वेस्टइंडीज की टीम अपने पसंदीदा टी20 प्रारूप में बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी।

टी20 विशेषज्ञों की मौजूदगी वाली वेस्टइंडीज की टीम स्वदेश में पांच मैच की श्रृंखला में इंग्लैंड को 3-2 से हराकर यहां पहुंची है।

वेस्टइंडीज का बल्लेबाजी क्रम लंबा है और उसके पास कुछ आक्रामक बल्लेबाज हैं जिनकी बदौलत टीम को भार को कड़ी चुनौती देने की उम्मीद है।

जेसन होल्डर अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम मैच में चार गेंद में चार विकेट चटाककर करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 27 रन देकर पांच विकेट चटकाए।

## हर्षिता साहू को राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल

सुलतानपुर । राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में श्याम कुमारी इंटर कालेज पेमापुर जयसिंहपुर की छात्रा हर्षिता साहू ने हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित चैम्पियन ऑफ चैम्पियंस कप 2022 में 400 में से 357 अंक लाकर सिल्वर मेडल हासिल किया है।

प्रतियोगिता में विभिन्न प्रान्तों से खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। डी आई जी हरियाणा में 12 से 13 फरवरी को आयोजित चैम्पियन ऑफ चैम्पियंस कप में 400 में से 357 अंक लाकर सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। राकेश मित्तल ने हर्षिता को सम्मानित किया। हर्षिता के इस प्रदर्शन पर कॉलेज के प्रबंधक अजय कुमार सिंह, प्रशासक संजय सिंह, प्राचार्या श्रीमती कविता सिंह, डायरेक्टर अमर प्रताप सिंह, नेशनल ताइक्वांडो खिलाड़ी अमीना बानो, दिलीप दूबे, सिंधु त्रिपाठी, राममणि यादव, अमरजीत वर्मा, राकेश पाल आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कार्लोस अल्कारेज रियो ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में

रियो डी जिनेरियो । स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने हमवतन जोमे मुनार को हराकर रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

दुनिया के 29वें नंबर के खिलाड़ी अल्कारेज ने इस क्ले टूर्नामेंट में मुनार के खिलाफ 2-6, 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की।

अन्य मुकाबलों में स्पेन के पाब्लो एंडुजार ने उरुग्वे के पाब्लो क्युवास को 7-6 (2), 7-5 से हराया जबकि स्पेन के ही पेड्रो मार्टिनेज ने चीन के शैंग जुचैंग को 6-3, 6-4 से शिकस्त दी।

## पीएसएल में इस्लामाबाद यूनाईटेड ने कराची किंग्स को हराया

लाहौर। इस्लामाबाद यूनाईटेड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज वकास मकसूद ने अपनी अंतिम गेंद पर कैच टपकाया लेकिन क्रिस जोर्डन को रन आउट करके पाकिस्तान सुपर लीग में कराची किंग्स पर टीम को एक रन की रोमांचक जीत दिलाई।

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम की अगुआई वाली कराची किंग्स की टीम 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ विकेट पर 190 रन ही बना सकी। कराची की टीम की यह लगातार सातवीं हार है और टीम प्ले आफ की दौड़ से बाहर हो गई है जबकि उसे तीन मैच और खेलने हैं।

इस जीत से इस्लामाबाद की टीम सात मैच में आठ अंक के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। मुल्तान सुल्तांस 12 अंक के साथ शीर्ष पर है जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद लाहौर कलंदर्स के 10 अंक हैं।

इससे पहले इस्लामाबाद टीम का कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया लेकिन टीम ने कप्तान शादाब खान (34), फहीम अशरफ (नाबाद 29), आसिफ अली (28) और सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स (25) की पारियों की बदौलत सात विकेट पर 191 रन बनाए।

कराची की टीम इसके जवाब में कासिम अकरम (26 गेंद में नाबाद 51 रन) और इमाद वसीम (28 गेंद में 55 रन) की पारियों की बदौलत पहली जीत की ओर बढ़ रही थी लेकिन अंत में उसे शिकस्त का सामना करना पड़ा।

## मिलमैन ने डेलरे बीच टेनिस टूर्नामेंट में क्रेसी को हराया

डेलरे बीच (अमेरिका) । आस्ट्रेलिया के जॉन मिलमैन ने डेलरे बीच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पहला उलटफेर करते हुए सोमवार को यहां आठवें वरीय अमेरिका के मैक्सिम क्रेसी को हराया।

मिलमैन ने लगभग तीन घंटे चले मुकाबले में 6-7 (2), 7-6 (2), 7-6 (3) से जीत दर्ज की।

मिलमैन ने दो घंटे और 55 मिनट चले मुकाबले में 117 अंक बनाए जबकि क्रेसी ने 115 अंक जीते।

सोमवार को राउंड आफ 32 के अन्य मुकाबलों में ब्रेंडन नाकाशिमा ने साथी अमेरिकी डेनिस कुडला को 6-1, 6-1 से हराया जबकि जर्मनी के आस्कर ओटे ने जापान के योशिहितो निशिओका को 7-6 (8), 6-3 से शिकस्त दी।

इटली के आंद्रियास सेपी ने जर्मनी के पीटर गेजोविक को 7-5, 6-4 से हराया।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 से पहले हसरंगा कोरोना पॉजिटिव

कैनबरा । श्रीलंका को ऑस्ट्रेलिया के पांच मैचों के टी20 दौरे पर सबसे बड़ा झटका लगा है। ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद यहां मनुका ओवल में तीसरे मैच से पहले बाहर हो गए हैं। 24 वर्षीय ऑलराउंडर मंगलवार सुबह नियमित परीक्षण के दौरान पाए गए हैं और अब प्रोटोकॉल के तहत उनको क्वोरंटीन में रहने की सलाह दी गई। हालांकि, श्रीलंका को संक्रमित से ठीक होने के बाद कुसल मेंडिस की संभावित वापसी से राहत मिलेगी, लेकिन हसरंगा का झटका श्रीलंका को 0-2 से पीछे रहने के बाद वापसी करना कठिन होगा।

मेंडिस ऑस्ट्रेलिया में उतरने के बाद 7 फरवरी को कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने सोमवार देर रात एक खिलाड़ी अपडेट जारी करते हुए कहा कि मेंडिस को टीम में शामिल होने के लिए मेडिकल मंजूरी दे दी गई है।

## वलीवा की जीत पर नहीं होगा पदक समारोह का आयोजन

बीजिंग, । अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने मंगलवार को कहा कि अगर रुसी स्केटर कामिला वलीवा बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक 2022 में जीतती है तो कोई पदक समारोह का आयोजन नहीं होगा।



आईओसी कार्यकारी बोर्ड ने आज इस आशय की जानकारी दी। इससे पहले खेल के लिए पंचाट न्यायालय (सीएएस) ने रूसी स्केटर कामिला वलीवा के संबंध में आईओसी अंतरराष्ट्रीय स्केटिंग संघ (आईएसयू) और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की अपील को खारिज कर दिया और इसके साथ ही वलीवा के बीजिंग ओलंपिक में महिला एकल स्पर्धा में भाग लेने का रास्ता भी खुल गया।

सीएएस ने एक बयान में कहा, ÷कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट के तदर्थ प्रभाग ने रूसी स्केटर कामिला वलीवा (एथलीट) के मामले में अपना फैसला दिया, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति, विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) और इंटरनेशनल स्केटिंग यूनियन द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया गया है। अब वलीवा बीजिंग ओलंपिक में भाग ले सकेंगी।÷

सीएएस ने कहा कि एथलीट वलीवा बीजिंग ओलंपिक में भाग ले सकेंगी। उन्होंने कहा कि उसने अपना निर्णय इस तथ्य के आधार पर लिया है जिसमें वलीवा अभी नाबालिग है। और इसलिए विश्व डोपिंग रोधी संहिता के तहत वह संरक्षित हैं।

सीएएस ने कहा कि सीएएस पैनल ने इस बात पर भी जोर दिया कि दिसंबर 2021 में किए गए एथलीट के डोपिंग टेस्ट के परिणामों में कोई गंभीर समस्या नहीं पाई गयी थी, लेकिन यह जानकारी ओलंपिक शीतकालीन खेलों बीजिंग 2022 में देरी से दी गयी जिसमें वलीवा की कोई गलती नहीं है। इसलिए वह बीजिंग 2022 शीतकालीन खेलों में भाग ले सकती है।

आईओसी को कानून के शासन का पालन करना होगा और इसलिए उसे मंगलवार, 15 फरवरी 2022 को महिला एकल स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति देनी होगी।अगर वलीवा महिला एकल स्केटिंग प्रतियोगिता में शीर्ष तीन प्रतियोगियों में शामिल हो जाती है, तो ओलंपिक शीतकालीन खेलों बीजिंग 2022 के दौरान कोई फूल समारोह और कोई पदक समारोह नहीं होगा।

आईओसी, संबंधित एथलीटों और एनओसी के परामर्श से, वलीवा का मामला समाप्त होने के बाद सम्मानजनक पदक समारोह आयोजित करेगा।

## फ्रेंच ओपन, विम्बलडन से बाहर हो सकते हैं जोकोविच



लंदन। नोवाक जोकोविच ने मंगलवार को प्रसारित साक्षात्कार में कहा कि अगर कोरोना वायरस के खिलाफ टीकाकरण अनिवार्य हुआ तो वह फ्रेंच ओपन और विम्बलडन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर रहने के लिए तैयार हैं। बीबीसी से बात करते हुए 20 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन जोकोविच ने कहा कि उनका टीकाकरण नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि वह अगले दो ग्रैंडस्लैम और कई अन्य टूर्नामेंट में नहीं खेलकर इसकी कीमत चुकाने को तैयार हैं।

जोकोविच ने कहा, ''मैं अपने फैसले के नतीजों को समझता हूं।''

उन्होंने कहा, ''मैं समझता हूं कि अगर मेरा टीकाकरण नहीं हुआ है तो मुझे पता है कि मैं अभी अधिकतर टूर्नामेंट के लिए यात्रा नहीं कर पाऊंगा।''

## अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम का ऐलान

मीरपुर। अफगानिस्तान के खिलाफ 23 फरवरी से शुरू होने वाली वनडे सीरीज के लिए बांग्लादेश ने टीम का ऐलान किया है। टीम में तेज गेंदबाज इबादत हुसैन, नसुम अहमद, यासिर अली और महमूदुल हसन जॉय को पहली बार मौका दिया गया है।



बांग्लादेश तीन वनडे मैच खेलेगा, जिसके बाद दो टी20 मैच होंगे और पांच मैचों की श्रृंखला का समापन 5 मार्च को होगा।

इबादत हुसैन पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ बांग्लादेश के पहले टेस्ट में असाधारण प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी थे, जिसे मेहमान टीम ने आठ विकेट से जीता था। हुसैन ने जनवरी में बांग्लादेश को एक ऐतिहासिक टेस्ट जीत दिलाने के लिए दूसरी पारी में छह विकेट लिए थे। हालांकि न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट में जोरदार वापसी करते हुए दो मैचों की सीरीज बराबर कर ली थी।

जबकि इबादत, यासिर और महमूदुल ने पहले बांग्लादेश के लिए टेस्ट खेले हैं, नसुम ने केवल टी20 मैच खेले हैं।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के मुख्य चयनकर्ता मिन्हाजुल आबेदीन ने कहा, इबादत एक टेस्ट गेंदबाज है लेकिन वह हाल ही में सफेद गेंद से प्रभावशाली रहा है। उन्होंने अपने नियंत्रण पर कड़ी मेहनत की है, इसलिए हमने उन पर विचार किया है। जॉय ने टेस्ट मैच (न्यूजीलैंड के खिलाफ) में जबरदस्त पारी खेली थी, इसलिए हम उनसे वनडे में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं।

आबेदीन ने आईसीसी के हवाले से कहा, हमें विश्वास है कि वह मध्य क्रम में फिट हो सकते हैं। वह भरोसेमंद है। वह लंबे समय तक खेल सकते हैं अगर वह आत्मविश्वास से खेलते हैं। नसुम ने टी20 और घरेलू क्रिकेट में निरंतरता दिखाई है।

## दूसरे महिला वनडे में न्यूजीलैंड ने भारत को तीन विकेट से हराया

क्वीन्सटाउन। भारत को अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी की कमी खली जिनकी गैरमौजूदगी में मंगलवार को यहां टीम दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 270 रन के स्कोर का बचाव करने में विफल रही और उसे तीन विकेट से शिकस्त का सामना करना पड़ा।



न्यूजीलैंड ने इस जीत के साथ पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है।

दीप्ति शर्मा ने 52 रन देकर चार विकेट चटकाए जबकि पूनम यादव, राजेश्वरी गायकवाड़ और हरमनप्रीत कौर की स्पिन तिकड़ी ने एक-एक विकेट हासिल किया लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकी।

भारत को झूलन की कमी खेली क्योंकि पूजा वस्त्रकार और पदार्पण कर रही सिमरन बहादुर की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने काफी रन लुटाए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।

स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना लंबे पृथकवास के कारण इस मुकाबले में भी नहीं खेल सकी। भारत ने कप्तान मिताली राज (नाबाद 66), रिचा घोष (65) और सलामी बल्लेबाज साभिनेनी मेघना (49) की पारियों की बदौलत छह विकेट पर 270 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

न्यूजीलैंड ने इसके जवाब में अमेलिया केर (नाबाद 119) के शतक और मैडी ग्रीन (52) के साथ उनकी चौथे विकेट की 128 रन की साझेदारी की बदौलत 49 ओवर में सात विकेट पर 273 रन बनाकर जीत दर्ज की। भारतीय गेंदबाजों ने अच्छी शुरुआत करते हुए नौवें ओवर में न्यूजीलैंड का स्कोर 55 रन पर तीन विकेट कर दिया था लेकिन अमेलिया और ग्रीन ने 24.4 ओवर तक क्रीज पर टिककर मेहमान टीम की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। ग्रीन को 23 रन के स्कोर पर तानिया भाटिया ने जीवनदान दिया जबकि अमेलिया भी कुछ मौकों पर भाग्यशाली रही।

न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 10वें ओवर से पहले ही सोफी डिवाइन (33), पहले मैच में शतक जड़ने वाली सूजी बेट्स (16) और कप्तान ऐमी सेटरथवेट (00) के विकेट गंवा दिए।

अमेलिया और ग्रीन ने हालांकि चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी करके न्यूजीलैंड की जीत का मंच तैयार किया।

ग्रीन जब पवेलियन लौटी तब टीम को 16.3 ओवर में जीत के लिए 88 रन की दरकार थी लेकिन अमेलिया ने टीम को जीत दिला दी।

इससे पहले कप्तान मिताली राज ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए नाबाद 66 रन बनाए जबकि रिचा घोष ने भी अर्धशतक जड़ा। पहले मैच में हार के दौरान 59 रन बनाने वाली मिताली ने 81 गेंद की अपनी पारी में तीन चौके मारे।

रिचा ने आक्रामक बल्लेबाजी की और 70 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और एक छक्का मारा।

मिताली और रिचा ने पांचवें विकेट के लिए 17.4 ओवर में 108 रन की साझेदारी की जिससे टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

## पटना पाइरेट्स ने प्रो कबड्डी लीग के शीर्ष दो में जगह पक्की की, यूपी योद्धा भी जीता

बेंगलुरू। शीर्ष पर काबिज पटना पाइरेट्स ने आलराउंड खेल के दम पर सोमवार को यहां तेलुगु टाइटन्स को 38-30 से हराकर प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के लीग चरण में शीर्ष दो में अपनी जगह सुनिश्चित की।






एक अन्य मैच में यूपी योद्धा ने दबंग दिल्ली को आसानी से 44-28 से पराजित करके अंकतालिका में तीसरा स्थान हासिल कर लिया।

पटना की जीत के नायक रेडर सचिन रहे जिन्होंने एक सुपर 10 सहित कुल 14 अंक बनाये जबकि डिफेंडर मोहम्मदरेजा शादलोइ ने एक हाई 5 बनाया।

पटना पहले हॉफ के बाद 21-20 के मामूली अंतर से आगे था लेकिन दूसरे हॉफ में उसने शानदार खेल दिखाया और टाइटन्स को कोई मौका नहीं दिया। इससे तय हो गया कि लीग चरण में पटना की टीम शीर्ष दो में रहकर प्लेऑफ में प्रवेश करेगी।

सबसे निचले पायदान पर काबिज टाइटन्स पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गया था। वह प्रतिष्ठा की खातिर इस मैच में खेल रहा था लेकिन आठ अंक से हारने के कारण उन्हें इस मैच से एक भी अंक नहीं मिला।

टाइटन्स के लिये रजनीश ने सुपर 10 बनाया जबकि अंकित बेनीवाल ने सात अंक जुटाये।

दिन के दूसरे मैच में यूपी योद्धा ने पिछले मैच में गुजरात जाइंट्स से मिली हार को भुलाकर अच्छी वापसी की। यूपी के लिये प्रदीप नारवाल ने 14 और सुरेंद्र गिल ने छह अंक बनाये। यूपी की यह 21 मैचों में नौवीं जीत है जबकि दिल्ली को 20 मैचों में छठी हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली अब भी दूसरे स्थान पर है लेकिन यूपी ने इस जीत से प्लेऑफ में खेलने की अपनी संभावनाएं बढ़ा दी हैं।